CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 19° C

मुरादाबाद, सोमवार 1 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 285 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 14 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हुगली में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमले की अखिलेश यादव ने की निंदा पेज 2



सात्विक-चिराग पहली बार बने सिंगापुर ओपन के विजेता खेल टाइम्स



छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं सम्पादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी पेज 12

## जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने नए सीडीएस का पदभार संभाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें पाकिस्तान और चीन के मामलों का बड़ा विशेषज्ञ माना जाता है। उनका मुख्य उद्देश्य महत्वाकांक्षी मिलिट्री थिएटरेशन (सैन्य थिएटराइजेशन) योजना को लागू करना और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना है।

उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल सुब्रमणि ने अपने पूर्ववर्तियों, दिवंगत जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान के शानदार नेतृत्व और योगदान के प्रति आभार जताया। जनरल चौहान शनिवार को देश के सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हुए। जनरल सुब्रमणि इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) में सैन्य सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। वह पिछले साल 31 जुलाई को



**कहा: उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा**

थलसेना के उप प्रमुख के पद से रिटायर हुए थे। पद संभालने के बाद जनरल सुब्रमणि ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा। वह प्रधानमंत्री के 'जेएआई' विजन यानी जाइंटनेस (तालमेल), आत्मनिर्भरता और इनोवेशन (नवाचार) को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों की ट्रेनिंग और उनका कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुख्य आधार है। वह सेना में स्वदेशी हथियारों के विकास और उन्हें शामिल करने के काम में तेजी लाएंगे। आधुनिकीकरण के लिए सेना, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, स्टार्टअप और रिसर्च क्षेत्र के बीच सहयोग बढ़ाया जाएगा।

### एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बने नए नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारतीय नौसेना के नए प्रमुख के रूप में 31 मई को अपना कार्यभार संभाल लिया।

पद संभालने के बाद उन्हें साउथ ब्लॉक परिसर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके साथ ही वे भारतीय नौसेना के 27वें नौसेना प्रमुख बन गए हैं। दूसरी तरफ, निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से रिटायर हो गए।



**एडमिरल त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से हो गए थे रिटायर**

### यूपी के स्थायी DGP बने राजीव कृष्णा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को लंबे इंतजार के बाद अपना पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को प्रदेश का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर मंथन पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी को ही पूर्णकालिक डीजीपी बनाए जाने पर मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यूपी को चार साल बाद स्थायी डीजीपी मिल गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यूपीएससी ने 26 मई को हुई बैठक के बाद 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा तथा 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण के नामों का पैनल प्रदेश सरकार को भेजा है। इनमें राजीव कृष्ण का नाम सबसे मजबूत माना जा रहा था। आखिरकार मुख्यमंत्री योगी ने भी उनके नाम पर मंजूरी दे दी। राजीव कृष्ण एक जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे।

## टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला

**हुगली।** पश्चिम बंगाल में हुगली में रविवार को एक प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला किया गया।

इससे श्री बनर्जी सड़क पर ही गिर पड़े हालांकि उनको ज्यादा चोट नहीं आई। वह अपनी पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले पर नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए चंडीतला थाने में एक ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। वह नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जैसे ही उनको पुलिस ने रोका तभी किसी ने उनके सिर पर पीछे से वार कर दिया, जिससे वे दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले शनिवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर उस समय हमला किया जब वे पार्टी समर्थक परिवार से मिलने जा रहे थे। यह हमला दक्षिण 24 परगना जिले में हुआ था। श्री बनर्जी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और राज्य सरकार ने उनको एक्स कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया है। तृणमूल कांग्रेस ने श्री कल्याण बनर्जी पर हुए हमले को पूरी तरह से अराजकता करार देते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा कि चुनाव नतीजे घोषित हुए 26 दिन बीत चुके हैं, फिर भी चुनाव के बाद होने वाली हिंसा बिना किसी रोक-टोक के जारी है। इन गुंडों को थाने के बाहर इकट्ठा होने की इजाजत कैसे दी गई।

**पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमले के विरोध में किया प्रदर्शन**

### अभिषेक बनर्जी पर हमले के मामले में छह गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इलाके से जुटाए गए वीडियो फुटेज के जरिये आरोपियों की पहचान की गई। सोनारपुर पुलिस ने इस घटना के संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने के बाद यह गिरफ्तारियां की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्या प्रताप हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में 17 वर्षीय सूर्या प्रताप चौहान की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी एवं 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश असद पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह कार्रवाई खोडा थाना और इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस उपायुक्त (नगर/ट्रांस हिंडन/मुख्यालय) धवल जायसवाल ने रविवार को बताया कि सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड में वांछित चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी असद को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने गोली चला दी। इसके बाद पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसे उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

### उच्च क्षमता वाले बम का सफल परीक्षण

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला के रामगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) क्षेत्र में रविवार को उच्च क्षमता वाले बम का परीक्षण किया गया। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने पहले ही आसपास के गांवों के लिए परामर्श जारी कर दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह करीब 11:30 बजे हुए परीक्षण के दौरान जोरदार धमाका हुआ, जिसकी आवाज लगभग 6 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

### ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम व मणिपुर में एसआईआर शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के तीसरे चरण के तहत गणना चरण शुरू कर दिया है। आयोग द्वारा बताया गया कि इन चार राज्यों में यह अभियान 30 मई से शुरू हो चुका है। जिन पात्र मतदाताओं के फॉर्म 28 जून या उससे पहले अधिकारी के पास जमा हो जाएंगे, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

## राहुल ने की CBSE स्टूडेंट्स से बातचीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्रों से बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और ऑन- स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा।

वीडियो में राहुल ने छात्रों से उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स ने सीबीएसई और मोदी सरकार से सिर्फ कुछ आसान सवाल पूछे थे, लेकिन जवाब के बजाय उनका अपमान किया गया। उन्हें एंटी-नेशनल, जासूस और आतंकवाद जैसे नाम दिए गए। राहुल ने जिन छात्रों से बात की, उनमें वेदांत भी शामिल थे। वेदांत की एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर जो स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गईं, वे उनकी नहीं थीं। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं। इससे पहले राहुल ने 30 मई को भी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर सरकार से सवाल किए थे। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और सीयूईटी एक करोड़ बच्चे और 4 परीक्षाएं। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार विश्वगुरु बनने के दावे करती है, मगर देश में एक परीक्षा नहीं करवा सकती। पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। सरकार जिस पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर रही है, वही पीढ़ी हिसाब करेगी।



**स्टूडेंट्स बोले: केंद्र सरकार और सीबीएसई से सवाल किए, तो एंटी-नेशनल और आतंकी कहा गया**

## दो दिन में 100 मीटर का नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में गर्मी को लेकर बात की। पीएम ने कहा कि हमारे यहां गर्मी से लड़ने का तरीका कई बार रसोई में भी मिलता है।

आपने भी देखा होगा जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे घर की रसोई का स्वाद बदल जाता है। पीएम ने कार्यक्रम में इस वक्त देश के दो चर्चित एथलीट की भी बात की। पीएम ने कहा कि एक इवेंट जिसकी देशभर में बहुत चर्चा हो रही है, वह है 100 मीटर की रेस। महज दो दिनों के भीतर मेंस 100 मीटर रेस में नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा। दो एथलीट्स ने ये कमाल दिखाया है।

**पीएम ने मन की बात में की गर्मी को लेकर बात**

## दिल्ली: साकेत बिल्डिंग हादसे में अब तक छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार शाम पांच मंजिला बिल्डिंग गिर गई। जिसमें अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 10 घायलों को एम्स के ट्रामा सेंटर में एडमिट करवाया गया है, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है।

दक्षिणी दिल्ली जिले के डीएसपी अनंत मित्तल ने बताया कि जिस जगह मलबा गिरा, वहां मेडिकल स्टूडेंट्स की कैंटीन थी। इसके चलते कई स्टूडेंट्स मलबे में दब गए थे। पुलिस और बचाव दलों ने अब तक करीब 12 लोगों को बाहर निकाला है। एनडीआरफ, फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस संयुक्त रूप से अभी भी राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं।

**10 घायल, दो की हालत गंभीर**

## यूपी सहित आठ राज्यों में पारा 40 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा में पिछले 15 दिन से चल रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

आंधी, बारिश और ओले गिरने से इन राज्यों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड में खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा 3 घंटे तक रुकी रही। हालांकि, शनिवार को देश के 36 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के विदर्भ में तापमान अभी भी 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। यहां का चंद्रपुर (चांदा) 44.8डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश में सबसे गर्म रहा। शनिवार को राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर 3 बजे रेतीला तूफान आया। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। इस रेतीले तूफान की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। बवंडर को पाकिस्तान की ओर से उठी तेज धूलभरी हवाओं ने रफ्तार दी थी। इस दौरान 56 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली।

**खराब मौसम से केदारनाथ यात्रा तीन घंटे रुकी रही, बीकानेर-जयपुर में रेतीले तूफान का अलर्ट**






CMYK

## एक नजर

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार 'सर्व ब्रिक्स 2026 बेहतर कल के लिए स्वयं सेवा' के अंतर्गत कॉलेज की रासेयो की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ और डा.उदिता राजपूत के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.महिपाल सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से बताते हुए तंबाकू को कदापि प्रयोग न करने पर बल दिया और साथ ही सभी को प्रेरित किया कि वे अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि तंबाकू जैसे नुकसानदायक पदार्थों के निषेध के लिए कार्य करें, ताकि हमारा देश और हमारा समाज नशा मुक्त बना सके तथा प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक




**बिजनौर।** वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उ.प्र. की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व.शिवराम शर्मा के आवास पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता एवं कौशल कुमार वर्मा के संचालन में हुई। अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने पिछली बैठक की कार्यवाही प्रस्तुत की। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने विचार व संस्मरण रखें और कविता पाठ किया। राजीव कुमार शर्मा ने बैंक संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सदस्यों को दी। बैठक में कौशल कुमार वर्मा और सुषमा अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। बैठक में लेखा सिंह सेवानिवृत्त जिला जज, संजीव कुमार शर्मा, धर्मवीर शर्मा, हीरा देवी, श्रीमती सुशीला देवी, संजीव कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, बीआर मेहरा, कौशल कुमार वर्मा, सोम प्रकाश शर्मा, लेखा सिंह, टीकम सिंह, अर्जुन कुमार अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, संजीव नंदा आदि ने भाग लिया।

# गांवों में भाजपा का सघन जनसंपर्क

### सीएम की जनसभा में पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीएम योगी आदित्यनाथ के बिजनौर आगमन को लेकर भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित रवि ने धरमपुरा व मठेरी सहित कई गांवों में सघन जनसंपर्क कर लोगों से आलमपुर गावड़ी पहुंचने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को भी सुना।



भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि ने नगीना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने धरमपुरा, बदलोपुर और मठेरी सहित कई गांवों का दौरा कर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के आगामी बिजनौर आगमन को लेकर ग्रामीणों को आमंत्रित किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आलमपुर गावड़ी पहुंचने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान के साथ-साथ शक्तिकेंद्र मठेरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम धर्मपुरा में सामूहिक रूप से देश के पीएम नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद व शक्ति केंद्र प्रभारी रोहित कुमार रवि ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष धरमपुरा हरपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष मनोहर सिंह, बूथ अध्यक्ष प्रीतम सिंह, रामकुमार, सुरेंद्र सिंह, मेघराज सिंह, मन्नू सिंह, सोहन देव, रीनू कुमार, कलवा सिंह, मैना सिंह, लाल सिंह और संजय कुमार आदि स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# धर्मनंदा ब्लड बैंक का शुभारंभ

### डा. मनोज वर्मा की पहल से जरूरतमंद मरीजों को समय पर मिलेगा रक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में रक्त की उपलब्धता को लेकर लंबे समय से बनी समस्या को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए धर्मनंदा ब्लड बैंक का शुभारंभ किया गया। इस ब्लड बैंक के शुरू होने से अब स्योहारा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्टेशन मार्ग स्थित वर्मा मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम के निकट अस्पताल के संचालक डा. मनोज वर्मा एवं डा. लिपिसेन वर्मा द्वारा स्थापित धर्मनंदा ब्लड बैंक का शुभारंभ सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की भावना के साथ किया गया। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इस जनहितकारी पहल का समर्थन किया और समाज को मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर डा.मनोज वर्मा ने कहा कि स्योहारा और



आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार समय पर रक्त उपलब्ध न होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी आवश्यकता को देखते हुए धर्मनंदा ब्लड बैंक की स्थापना की गई है, ताकि किसी भी जरूरतमंद को रक्त के लिए भटकना न पड़े और समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए डा. लिपिसेन वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना उनका दो उद्देश्य है और धर्मनंदा ब्लड बैंक इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ब्लड बैंक क्षेत्र के हजारों मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा।

ब्लड बैंक के डायरेक्टर डा. शाश्वत वर्मा, प्रभारी राकेश डोगरा, अमित राणा, टेक्निकल सुपरवाइजर साजिद खान, टेक्नीशियन अंकित राणा, विशाल कुमार तथा विशाल राणा ने रक्त संग्रहण एवं परीक्षण की व्यवस्थाओं का संचालन किया। कार्यक्रम में पत्रकारों, किसान यूनियन पदाधिकारियों, समाज सेवियों एवं रोटेरियन सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर इस अभियान को सफल बनाया। कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी डा. बृजेश स्नेही, शुगर मिल अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह, भाकियू तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत, राजीव वर्मा, डा. श्वेत वर्मा, इंजी.शौर्य वर्मा, मोहित रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, डा. रिसालत उल्लाह, कांता प्रसाद पुष्पक, डा. आसिफ, डा.विशाल सैनी, डा.अनुप्रिया, डा. संजय विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य चिकित्सक, समाजसेवी और सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। वहीं सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों को नया जीवन दे सकता है। धर्मनंदा ब्लड बैंक का शुभारंभ क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा और जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान साबित होगा।

## एक नजर

### बाइक व कार में तोड़फोड़



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी सानिया पत्नी शोएब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चचेर ससुर जुनैद पुत्र इशहाक से किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। जिसका मौहल्ले वालों ने बीच बचाव करा दिया गया था। परन्तु जुनैद अंसारी रंजिश रखने लगा। बीती रात करीब आठ बजे अकेला देख हाथों में लाठी-डंडे लेकर जुनैद व उसकी पत्नी हिना घर में घुस आए और पीड़िता के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई है। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी बाइक व कार में लाठी-डंडों से तोड़फोड़ की। कार के सभी शीशे तोड़ दिए। थाना प्रभारी ने तहरीर मिलने की पुष्ठी की है। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई



**बिजनौर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अखिल भारतीय पाल समाज द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली। रामलीला मैदान से शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता मौसम चौधरी और पाल समाज के प्रतिनिधियों ने किया। शोभायात्रा में सैकड़ों बाइक पर सवार होकर और पैदल चलकर हजारों लोग शामिल हुए। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर रामलीला मैदान पर समाप्त हुई। जनपद भर से पाल समाज और धनगर समाज के लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजपा नेता मौसम चौधरी और पाल समाज के प्रतिनिधियों ने अहिल्याबाई होल्कर द्वार का लोकार्पण किया। पाल समाज के जिलाध्यक्ष शीशपाल ने बताया कि आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर भाजपा नेता मौसम चौधरी द्वारा अहिल्याबाई होल्कर द्वार का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों की भागीदारी रही।

### पाल समाज ने मनाई जयंती




**बढ़ापुर।** पाल समाज द्वारा आज अहिल्याबाई होल्कर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। पाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पाल समाज के प्रबंधक कल्लू सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माला पहनाकर किया। कार्यक्रम में पाल समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष दिलाराम पाल, अभिषेक पाल, कमल सिंह, मनीष पाल, अमित पाल, आयुष पाल, रविपाल, सुरेंद्र पाल, शिवम पाल, बंटी उर्फ संजीव कश्यप, लक्ष्मण सिंह एड. आदि उपस्थित रहे।

### चार दिवसीय उर्स मुबारक आज से

**नजीबाबाद।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम हिंदूपुर में हजरत अड़ीशाह बाबा के मजार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चार दिवसीय 64वां उर्स मुबारक का आयोजन किया जा रहा है। जो एक जून से 4 जून तक रहेगा। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल भाग ले रहे है। ये जानकारी मेला कमेटी के संरक्षक समाजसेवी दिलशेर अहमद सिद्दीकी ने दी है।

# जहां सांसद विधायकों का सम्मान नहीं वहां पत्रकारों का कैसे संभव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर थाना प्रभारी से मुलाकात के दौरान थाने में मौजूद सिपाही अरविंद कुमार सिंह द्वारा पत्रकार के साथ बदसलूकी करने का प्रयास किया गया। हालांकि पत्रकार ने अपने सम्मान को बचाते हुए उस समय सिपाही से कुछ भी कहना उचित नहीं समझा।

जाहिर था कि वर्दी को पहनते समय ली गई आम जनमानस की सुरक्षा, समाज के प्रति मधुर व्यवहार और ईमानदारी जैसी शपथ को सिपाही भूल गया होगा। यही वजह थी कि पत्रकार ने उस समय बदजुबानी और बदगुमानी में चूर सिपाही को कुछ भी कहना उचित नहीं समझा। हालांकि उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की गई है। हालांकि थाने

### थाने में बदसलूकी हैरानी की बात नहीं

में पत्रकार के साथ बदसलूकी कोई हैरानी की बात नहीं है, जिस प्रदेश में चीफ सेक्रेटरी यह निर्देश जारी करता हो कि पुलिस अधिकारी जनप्रतिनिधियों को उठकर उनका अभिवादन करेंगे और उनके आने का मधुरता से कारण पूछेंगे अर्थात जिस प्रदेश में सांसद, विधायक जैसे जनप्रतिनिधियों की सुनवाई और उन्हें सम्मान न दिया जाता हो। जिन्हे सम्मान दिलाने के लिए चीफ सेकेट्री को पत्र जारी करना पड़ता हो, वहां पत्रकारों को तो कैसी ही आंख से देखा जाता होगा, यह स्वयं अंदाजा लगाया जा सकता है।

# चौथे स्तंभ की भूमिका पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर आदर्श प्रेस क्लब द्वारा स्थानीय सनातन धर्मशाला में हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष नफीस कुरैशी ने व संचालन क्लब के अध्यक्ष पत्रकार एसएम असलम ने किया।

कार्यक्रम में आयोजक टीम द्वारा मंचासीन अतिथियों भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सिंह, भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता जहीर खान एड., सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी के डायरेक्टर मौहम्मद आरिफ, शिवसेना के जिलाध्यक्ष संजय




### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गूंजी निष्पक्ष आवाज

राणा, किसान नेता देवेंद्र कौशिक एवं अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन के चेयरमैन शेख मौहम्मद जैद का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने पत्रकारों से समाज व देश हित में अपनी लेखनी से आरोपियों, दबंगों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए व पीड़ितों के साथ खड़े रहने का आह्वान किया। वक्ताओं ने पत्रकारों के समक्ष चुनौतियों पर भी रोशनी डाली और दबी कुचली अवाम के प्रति उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, युवा भाजपा नेता भीम सिंह रावत, ग्राम प्रधान मौहम्मद रिजवान, पूर्व प्रधान अब्दुल वहाब, सभासद रिजवान हसन, सपा नेता शेख इस्लामुद्दीन, पूर्व सपा नगर अध्यक्ष शेख हसीब, भाकियू टिकैत के नगर अध्यक्ष वसीम गुर्जर, शमीम गुल, महबूब अली, भाकियू के ब्लॉक उपाध्यक्ष यूसुफ कुरैशी, कॉमरेड फूल सिंह, मौहम्मद शाद, फैशन डिजाइनर अमानत हुसैन, एनयू खान, वसीम मंसूरी, फजलुर्रहीम अंसारी, मास्टर गय्यूर अली खान, प्रमोद बजाज एड., पर्वेंद्र चौहान एवं पत्रकारों वीरेंद्र अग्रवाल, शेख मौहम्मद यूसुफ, नितिन कौशिक, सिराजुद्दीन मलिक, अख्तर सिद्दीकी, मौहम्मद शावेज आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदर्श प्रेस क्लब के अध्यक्ष एसएम असलम सहित गौरव गुप्ता, सरदार विक्रम सिंह, सुभाष तोमर, फिरोज बेग, शाहिद अली एड., डॉक्टर अल्ताफ हुसैन साबरी, राजेंद्र सिंह, सुखचैन सिंह, वेदपाल सिंह, पत्रकारों व कामिल खान आदि की मुख्य भूमिका रही।

# कृषि मंत्री ने खेत बचाओ अभियान के शुभारंभ से पूर्व किया वर्चुअल संवाद

**नई दिल्ली, वार्ता**

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से एक जून को होने वाले 'खेत बचाओ अभियान' के राष्ट्रीय शुभारंभ से पूर्व, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मोड में बात करके इस अभियान को जनभागीदारी, वैज्ञानिक दृष्टि और राष्ट्रीय दायित्व के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया कि सिंह ने इस महत्वपूर्ण अभियान में शामिल होने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर चर्चा की और साथ ही वे केंद्रीय मंत्रियों और अन्य सभी



**सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की सहभागिता की अपील**

जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपील की है। इस अवसर पर चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती को बचाने, खेती का भविष्य सुरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का असंतुलित इस्तेमाल, मिड्डी के स्वास्थ्य में गिरावट और बदलते जलवायु संकट खेती के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़े हैं, इसलिए समय रहते व्यापक जागरूकता और हस्तक्षेप जरूरी है। चौहान ने बताया कि एक जून को रायसेन जिले के रामसिया गांव से प्रारंभ हो रहा राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और मिड्डी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड और प्राकृतिक खेती, फसल चयन और जल संरक्षण, हरी खाद और कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पद्धतियां, नकली खाद, बीज और पेस्टिसाइड की पहचान को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल सलाह देना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि खेत स्तर पर डेमो, वैज्ञानिक प्रमाण और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से किसानों का विश्वास मजबूत करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि देशभर में 30 जून तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाए, जिसमें यह स्पष्ट हो कि कौन अधिकारी, वैज्ञानिक, संस्थान या टीम किस तिथि को किस गांव में जाएगी।

# विकास छोड़ो, तिकड़म लगाओ: बीजेपी एमएलए

**गोपामऊ।** उत्तर प्रदेश के बीजेपी विधायक श्याम प्रकाश ने चुनाव जीतने की वजह सिर्फ विकास काम को नहीं बताया है। विधायक ने ग्राम प्रधानों को साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जितने भी संभावित तरीके हैं, आप सबका इस्तेमाल चुनाव जीतने में करिए।

गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश का मानना है कि चुनाव सिर्फ विकास के काम से नहीं, बल्कि 'तिकड़म' से जीते जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास की वजह से वोट नहीं मिलते, मैंने भी विकास किया है, जिन गांव में मैंने सड़कें बनवाई, उन बूथों से मुझे वोट नहीं मिले। बीजेपी विधायक गांव के प्रधान को चुनाव जीतने का नुस्खा बता रहे थे। बीजेपी विधायक ने ये संबोधन तब किया, जब उत्तर प्रदेश सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने का फैसला किया। उन्होंने अगले चुनाव की तैयारी करने और सभी संभावित तरीकों को अपनाने की बात कही। उनके मुताबिक आप साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतें। निवर्तमान प्रधान, नई ग्राम पंचायतों के गठन तक या ज्यादा से ज्यादा छह महीने के समय तक पंचायतों के सामान्य प्रशासनिक मामलों को संभालते रहेंगे।

# मदरसा बोर्ड के मेधावी होंगे सम्मानित

### सरकार मौलवी व आलिम के टॉप-3 छात्रों को देगी टैबलेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप-3 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा।

इसके लिए जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। साल 2026 की उप्र. मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं। सभी टॉप 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मुंशी/मौलवी वर्ग में चंदौली के मोहम्मद वसीम ने पहला, मीरजापुर के मोहम्मद कासिम अली ने दूसरा

**अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया**

और गोरखपुर की शाइमा परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आलिम वर्ग में शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। वाराणसी की जुमी फरीन और शाइस्ता परवीन के साथ अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया है। इन छात्र-छात्राओं को टैबलेट से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्र आधुनिक शिक्षा से जुड़ें और समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर के विजन को राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मदरसों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और आधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि योगी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मदरसा शिक्षा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में गरीब मुस्लिम परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं।

# अफजलगढ़ को आज तहसील व बढ़ापुर को ब्लॉक का दर्जा मिलने की संभावना



**बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र सबसे ज्यादा पिछड़ा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कई बार कार्यक्रम स्थगित होने के बाद कल (आज) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अफजलगढ़ में आने का कार्यक्रम लगभग तय हो चुका है। उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। जिसे देख कर लगता है कि यहां पर जनता से ज्यादा पुलिस मौजूद रहेगी।

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से क्षेत्र की जनता को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। वैसे भी बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है। यहां से भाजपा के कुंवर सुशांत सिंह दूसरी बार विधायक हैं। लेकिन उनके खाते में ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली हो। प्रभावशाली परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद विधायक कुंवर सुशांत सिंह इस क्षेत्र में विकास के नाम पर अपना कोई प्रभाव नहीं दिखा पाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुंवर परिवार के काफी अच्छे संबंध हैं। विधानसभा चुनाव सिर पर हैं। ऐसे में क्षेत्र की जनता उम्मीद कर रही है कि कल (आज) मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से उन्हें बड़ा फायदा होने जा रहा है। अफजलगढ़ को तहसील बनाए जाने की मांग काफी पुरानी है। क्षेत्र की जनता उम्मीद कर रही है कि मुख्यमंत्री अफजलगढ़ को तहसील बनाए जाने की घोषणा कर इस मांग को पूरा करेंगे। साथ ही बढ़ापुर को कोतवाली देहात से अलग कर नया ब्लॉक बनाए जाने की मांग भी उठती रही है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता काफी ज्यादा परेशान है। कोतवाली देहात ब्लॉक काफी बड़ा है। जो बढ़ापुर के ग्रामों से काफी दूर है। बढ़ापुर क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री नया ब्लॉक बनाए जाने की घोषणा करेंगे। साथ ही बढ़ापुर में बाईपास के निर्माण की मांग को भी पूरा किया जाएगा। बढ़ापुर में बस्ती के अंदर पतली गली है। जिसमें दो वाहन एक साथ नहीं गुजर पाते हैं। यहां पर जाम लग जाता है। पूरी बस्ती के लोग इसी पतली गली को इस्तेमाल करते हैं। जाम में फंस कर हालत खराब हो जाती है। क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि बढ़ापुर बस्ती के बाहर बाईपास का निर्माण कराया जाएगा, जिससे जाम से मुक्ति मिलेगी और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होगी।

गौरतलब है कि बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है। भाजपा सरकार में यहां पर न तो कोई नई फैक्ट्री लगाई गई है और न ही कोई ऐसा काम किया गया है, जिससे क्षेत्र की जनता को खुश होने का मौका मिले। वोट मांगने के लिए भी भाजपाईयों के पास ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिससे जनता प्रभावित हो सके। कल (आज) मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पर सभी की निगाहें लगी हुई है। देखना यह है कि यह कार्यक्रम क्षेत्र की जनता को कोई राहत प्रदान करता है या फिर औपचारिकता बन कर रह जाएगा। अगर कार्यक्रम औपचारिकता बन कर रह जाएगा, तो इससे भाजपा को चुनाव में बड़ा नुकसान होगा।

# गैंगस्टर अतीक की संपत्ति होगी कुर्क

## ओमर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस सहसपुर भी कार्रवाई की जद में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने स्योहारा थाना क्षेत्र स्थित कथित गैंगस्टर अतीक अहमद की अरबों रुपए की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट जालौन द्वारा पारित आदेश के अनुसार लगभग 168 करोड़ 13 लाख 32 हजार 600 रुपए मूल्य की भूमि एवं ओमर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस को शीघ्र कुर्क किया जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा-14 के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट जालौन राजेश कुमार पांडेय ने कुर्की के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत धामपुर के एसडीएम को रिसीवर नियुक्त किया गया है, जबकि संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर नियमानुसार कार्रवाई पूरी कर न्यायालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस विभाग द्वारा तैयार की गई आख्या में बताया गया है कि अभियुक्त अतीक अहमद पुत्र मौहम्मद उमर निवासी नई दिल्ली एवं सहसपुर, थाना स्योहारा, कथित रूप से एक संगठित गिरोह का संचालन करता है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह अंतरजनपदीय एवं अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय रहा है और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से फिश फूड के नाम पर प्रतिबंधित मांस के अवैध कारोबार में संलिप्त होने के आरोपों का सामना कर रहा है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक मामले की जांच के दौरान फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, मथुरा द्वारा जांच में वाहन में मिले नमूनों की पुष्टि की गई थी। इसी आधार पर विभिन्न मुकदमों में कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा सहित अन्य जनपदों में भी कई मामले दर्ज बताए गए हैं।

कुर्की की कार्रवाई में ग्राम याकूबपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर स्थित विभिन्न घाटा संख्या पर निर्मित ओमर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस भवन शामिल है। प्रशासन द्वारा संपत्तियों का मूल्यांकन लगभग 168 करोड़ रुपये से अधिक आंका गया है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि संगठित अपराध और गैंगस्टर गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अंतरजनपदीय समन्वय के माध्यम से ऐसे मामलों में संपत्ति जब्ती और कुर्की की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा रहा है।

# पेड़ियां बना कर खड़ी की जा रही समस्या

## आधी सड़क पर कब्जा कर लेने की वजह से नहीं निकल पा रहे वाहन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर में सड़कों से काफी ऊंचे मकान बना कर पेड़ियों के जरिए कब्जा करने की गंदी मानसिकता बढ़ती जा रही है। जिसकी वजह से सड़कों पर वाहनों के निकलने की जगह नहीं बचती है।

वैसे तो यह समस्या पूरे जनपद की है। लेकिन धामपुर के मौहल्ला नई सराय में तलत कुर्सी वाले की गली में कुछ ज्यादा ही हालात खराब कर दिए गए है। इस गली में सड़क से काफी ऊंचे मकान बनाए गए है। मकानों की बुनियाद बिल्कुल नाली के किनारे रखी गई है। मकान इतने ज्यादा ऊंचे बना दिए गए है कि उसमें से उतरने के लिए कई पेड़ियां सड़कों पर अतिक्रमण कर तैयार की गई हैं। जिसकी वजह से वाहनों को निकालने में काफी दिक्कतें होती है। इनके मकान इतने ज्यादा ऊंचे हैं कि यह अपने वाहन अंदर खड़े नहीं कर सकते हैं। इनके द्वारा अपने चौपहिया वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर दिया जाता है। जिससे रही-सही कसर पूरी हो जाती है। यह सड़क पूर्व में काफी चौड़ी थी। लेकिन अतिक्रमण की वजह से बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। नगर पालिका के कर्मचारियों को सफाई कार्य में भी दिक्कत आती है। नगर पालिका के द्वारा इन पेड़ियों को नहीं तुड़वाया जा रहा है। अगर यह पेड़ियां नहीं तुड़वाई जाती है, तो आगे चल कर बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। जनहित में इन पेड़ियों को तुड़वाया जाना जरूरी है।

गौरतलब है कि जनपद में सड़कों पर अतिक्रमण करने की मानसिकता ने समस्या खड़ी कर दी है। सड़कों पर अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है। इस होड़ को खत्म करने के लिए जरूरी है कि अभियान चलाया जाए।

# बैलगाड़ी से टकराई बाइक, चार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आज शाम धामपुर मार्ग पर बैलगाड़ी से हुई टक्कर में बाइक सवार महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सीरवासुचंद निवासी मौहम्मद शोएब (23 वर्ष) पुत्र लियाकत अपनी बहन मेहरून्निशा (30 वर्ष) पत्नी दिलशाद तथा भांजों मौहम्मद शाद (10 वर्ष) और मौहम्मद अहद (5 वर्ष) को उनके ससुराल मौहल्ला खुराड़ा, शेरकोट छोड़ने जा रहा था। बताया जाता है कि नेशनल हाईवे धामपुर मार्ग पर रामगंगा नदी पुल से पहले ग्राम मनोहरवाली (भूतपुरी) के निकट सड़क पार कर रही एक बैलगाड़ी से उनकी बाइक टकरा गई।

हादसे में बाइक सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी-112 ने घायलों को तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। यहां चिकित्सक डा. मोहित कुमार एवं फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार मौहम्मद शोएब के सिर में गंभीर चोट (हेड इंजरी) होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रधान पुत्र मौहम्मद फिरोज समेत परिजन सीएचसी पहुंच गए। घायल युवक की गंभीर स्थिति को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। हल्का इंचार्ज छविनाथ सिंह ने बताया कि घायलों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

## नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर

**नजीबाबाद।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेल अधिकारियों व जीआरपी ने मुरादाबाद कंट्रोल की सूचना पर फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर को पकड़ लिया। मुरादाबाद से लिंक एक्सप्रेस में सवार फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर रेलवे का सेवानिवृत कर्मी निकला। मुरादाबाद कंट्रोल से सीआईटी भावेश शर्मा व टीटीई सुनील तोमर नजीबाबाद ने स्टेशन को लिंक एक्सप्रेस में रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर एक व्यक्ति के यात्रा करने व टीटीई स्टाफ को हड़काने की सूचना दी। सूचना मिलते ही मुख्य टिकट निरीक्षक संतोष अरोड़ा, सीएमआई आरके मीणा ने जीआरपी के साथ फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर को लिंक एक्सप्रेस से नजीबाबाद स्टेशन पर उतार लिया। 64 वर्षीय फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर शिवाजी नगर कर्नाटक निवासी रेलवे का सेवा. निवृत पीसीआई (यात्री शिकायत निरीक्षक) कर्मी निकला। सीआईटी नजीबाबाद संतोष अरोड़ा ने जीआरपी नजीबाबाद में रेलवे बोर्ड का विजिलेंस इंस्पेक्टर बताकर लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने, मुरादाबाद स्टेशन पर ठहरने की वीआईपी सुविधा लेने का मामला दर्ज कराया। जीआरपी प्रभारी कमल किशोर ने मामला दर्ज होने के बाद स्वयं को अस्वस्थ बताने वाले फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर जावेद अली को जमानत पर छोड़ दिया।

# हरबंशवाला में भाकियू की किसान सभा

## सुनील प्रधान का स्वागत, उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम हरबंशवाला में रविवार को भारतीय किसान यूनियन की किसान सभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का किसानों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

सुनील प्रधान ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए किसानों से हक की आवाज बुलंद करने और 16 से 18 जून तक हरिद्वार में होने वाले किसान कुंभ (चिंतन शिविर) में बड़ी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई विभागों द्वारा किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सभा में तहसील अध्यक्ष नगीना गुरमेज सिंह उर्फ सोनू विरक ने सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुटता का आह्वान किया। इस दौरान दर्जनों महिलाओं ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। सोनू विरक ने तहसील कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए महेश प्रधान को वरिष्ठ तहसील उपाध्यक्ष तथा जगदीश सिंह को तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत कर नियुक्ति पत्र सौंपे।

# बारिश व बादलों से गर्मी से मिली थोड़ी राहत

**पेड़ों व लाइन के टूटने से विद्युतापूर्ति प्रभावित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में कई स्थानों पर हुई हल्की बारिश व आसमान में बादलों की मौजूदगी से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि बारिश इतनी ज्यादा नहीं हुई है कि इससे फसलों को फायदा पहुंच सके।

प्राप्त समाचार के अनुसार कल दोपहर बाद से जनपद में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई स्थानों पर ज्यादा और कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि कई जगह बारिश नहीं हुई। लेकिन तेज हवाएं चलने एवं आसमान में बादलों की मौजूदगी के चलते गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित था। सुबह दस बजे के बाद सड़कों पर निकलना भारी पड़ रहा था। चिलचिलाती धूप एवं भट्टियों की तरह तपती छतों की वजह से बिना छातों व एयरकंडीशन के गुजारा नहीं हो पा रहा था। लेकिन कल से मौसम का मिजाज बदलने के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

आज दिन में भी मौसम पूर्व की तुलना में ठण्डा रहा। आसमान में बादल मंडरा रहे थे। मूसलाधार बारिश तो नहीं हुई, अलबत्ता कई जगह बूंदाबादी जरूर हुई हैं। आज रविवार का दिन था और सरकारी कार्यालयों में अवकाश था। सड़कों पर भीड़भाड़ दिखाई नहीं दी। ज्यादातर नागरिक घरों में आराम फरमाते देखे गए।

## एक नजर

### घर के सामने कूड़ा डालने पर मारपीट

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर निवासी मौहम्मद हाशिम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को करीब 11:30 बजे कुछ लोगों ने उसके घर के सामने कूड़ा डाल दिया। आरोप है कि उसकी पुत्री खुशनुमा परवीन ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पिता-पुत्री के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। पीड़ित का कहना है कि मारपीट में उसकी पुत्री को चोटें आई हैं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल युवती को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**शेरकोट।** ग्राम हरेवली निवासी मलखान सिंह का पुत्र रोहित कुमार (14 वर्ष) 27 मई 2026 को शाम करीब छह बजे घर से खाने-पीने का सामान लेने के लिए उमर चक्की की दुकान पर गया था। सामान खरीदने के बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।परिजनों का कहना है कि रोहित कुछ समय से गलत संगति में पड गया था। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### एआरटीओ गौरी शंकर का तबादला

**बिजनौर।** बिजनौर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर का स्थानांतरण एआरटीओ प्रशासन फिरोजाबाद के पद पर हो गया है। शासन ने अमरोहा में एआरटीओ प्रवर्तन के पद पर तैनात महेश कुमार शर्मा को बिजनौर एआरटीओ प्रशासन नियुक्त किया है। गौरी शंकर ठाकुर ने जनवरी 22 में बिजनौर एआरटीओ प्रवर्तन का कार्यभार संभाला था। नए एआरटीओ प्रशासन महेश कुमार शर्मा के जल्द ही बिजनौर में कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

### तम्बाकू छोड़ना नामुमकिन नहीं

**बिजनौर।** विश्व में सालाना 80 लाख लोग तम्बाकू के धुएं के कारण मर जाते हैं, जिनमें से 12 लाख सेकेंड हैंड धुएं के कारण मरते हैं। दुर्भाग्य से 80 प्रतिशत तम्बाकू उपयोगकर्ता निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। भारत में तम्बाकू सेवन से हर वर्ष साढ़े तेरह लाख लोगों की मौत होती है। बिजनौर की वरिष्ठ फिजिशियन एवं छाती रोग विशेषज्ञ डा. तजीन आरिफ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत में 28.6 प्रतिशत आबादी तम्बाकू उत्पादों का सेवन करती है, जो भयावह है। यह सर्वविदित है कि तम्बाकू का उपयोग आमतौर पर किशोर अवस्था में शुरु होता है, जब व्यक्ति को जीवन की गुणवत्ता और दीर्घायु पर हानिकारक प्रभाव के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। डा. तजीन आरिफ का कहना है कि तम्बाकू छोड़ना मुश्किल जरुर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। कठिनाई का मुख्य कारण निकोटीन की लत है। इसके लिए विल पॉवर तथा डाक्टरों द्वारा विभिन्न दवाओं के साथ सहायता होती है। अध्ययन से यह सिद्ध हुआ है कि धूम्रपान छोड़ने से मृत्युदर में 2.8 से 1.15 प्रतिशत जोखिम कम हो जाता है।

### पशु बेचने आए व्यापारी को पीटा

**नहटौर।** ग्राम कश्मीरी में स्थित पशु बाजार में पशु बेचने गए एक व्यापारी के साथ दबंगों द्वारा मारपीट और गाली-गलौच का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अतीक अहमद पुत्र तस्लीम अहमद, निवासी मौहल्ला शेखान अपने पशु बेचने के लिए ग्राम कश्मीरी के पशु बाजार में गया था। पीड़ित का आरोप है कि वहां मौजूद आसिफ पुत्र रईस उर्फ ऐतू और उसके परिवार के सदस्यों ने बिना किसी कारण के उसे गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे धमकाते हुए कहा कि अपने पशु लेकर यहां से भाग जाओ यहां केवल हमारे ही पशु बिकेंगे। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आसिफ, फैजी पुत्र आसिफ, आरिफ पुत्र रईस उर्फ ऐतू और औसामा पुत्र खलील ने एक राय होकर उस पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित अतीक अहमद का सिर फट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल पर मौजूद फईम, अजमल और बाजार में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ित को बचाया। पीड़ित का आरोप है कि जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### बिजनौर के नए कोतवाल होंगे अमर सिंह राठौर

**बिजनौर।** एसपी अभिषेक झा ने कई थाना इंचार्जो सहित 6 पुलिस अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षक लखपत सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना शिवाला कलां से प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी नियुक्त किया गया है। थाना एएचटी के प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल को पुलिस लाइन भेजा गया है। उपनिरीक्षक अमर सिंह राठौर को थाना प्रभारी नांगल से थाना प्रभारी कोतवाली शहर बिजनौर तथा उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह को थाना प्रभारी कोतवाली शहर से थाना प्रभारी नांगल स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक त्रिवेंद्र सिंह को प्रभारी सोशल मीडिया सेल/पीआरओ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थाना अध्यक्ष शिवाला कला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षक संजय कुमार को थाना मंडावर में ही थाना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है।

### जेल अधीक्षक का तबादला

**बिजनौर।** कारागार की अधीक्षक श्रीमती अदिति श्रीवास्तव का तबादला बागपत के लिये हो गया है। उनके स्थान पर अब राजेश कुमार नये जेल अधीक्षक होंगे।

### राजेंद्र प्रसाद की बिजनौर में तैनाती

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ द्वारा अग्निशमन द्वितीय अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। बिजनौर व चांदपुर में तैनात एफएसएसओ के तबादले गैर जनपद को किए गए हैं। महानिदेशक सुजीत पांडेय के आदेश पर गठित स्थापना बोर्ड की संस्तुति के आधार पर जनपद में तैनात अधिकारियों का तबादला किया गया है। बिजनौर में तैनात एफएसएसओ शीशपाल सिंह का स्थानांतरण मुरादाबाद व चांदपुर में तैनात एफएसएसओ सुभाष चंद्र को हाथरस भेजा गया है। वहीं गाजियाबाद में तैनात राजेंद्र प्रसाद को बिजनौर में नई तैनाती दी गई है।

### विधायक ने फुंका ट्रांसफार्मर बदलवाया

**नजीबाबाद।** मौहल्ला जाब्तागंज क्षेत्र के लोगों ने नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद के आवास पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बनी बिजली की समस्या उनके समक्ष रखी। जिसके बाद तुरंत विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक निर्देश दिए। जनता से किए वादे के अनुसार बिजनौर से 400 केवीए का नया ट्रांसफार्मर मंगवाकर रात ही लगवा दिया। साथ ही एक और 400 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है।

### जन चौपाल में समस्याओं का निस्तारण

**मंडावली/नजीबाबाद।** नजीबाबाद सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मंडावली के पंचायतघर पर व भागूवाला में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि शासन के आदेशानुसार जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। जन चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों कीसमस्याओं का निस्तारण समय से करना है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव में पुलिस जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान कराने का प्रयास करेगी। उन्होंने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को साइबर अपराध, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, अनजान नंबरों से आने वाी वीडियो कॉल रिसीव नहीं करने, महिला हेल्पलाइन नंबरों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच बी.एड. प्रवेश परीक्षा

## परीक्षा केंद्रों पर दो-दो पर्यवेक्षक रहे तैनात






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा आयोजित यूजी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड- 2026 जनपद के नौ परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हुई।

जिला प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार परीक्षा में जनपद के कुल 4290 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए नौ केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, केपीएसएम कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज मंडावली, आरबीडी महिला महाविद्यालय, राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज तथा वर्धमान डिग्री कॉलेज के दो ब्लॉक शामिल हैं। परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए चार सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जिनकी परीक्षा केंद्रों पर गोपनीय सामग्री एवं प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी रही। इसके अलावा नौ स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। नोडल समन्वयक द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो-दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। 18 वर्यवेक्षक परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तैनात रहे।

जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करते हुए निष्पक्ष परीक्षा सम्पन्न कराई।

# गन्ना किसानों, कोल्हू-क्रेशर एवं खांडसारी उद्योग को बड़ी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम कौशल्या निवासी राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना (नियंत्रण) मसौदा आदेश, 2026 को वापस लिए जाने के निर्णय का गन्ना किसानों, कोल्हू-क्रेशर संचालकों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े लोगों ने स्वागत किया है।

इस निर्णय को किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया गया है। राष्ट्रीय लोक दल उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव एवं सहकारिता प्रकोष्ठ प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा कि प्रस्तावित मसौदा आदेश के कुछ प्रावधानों को लेकर गन्ना किसानों, कोल्हू-क्रेशर संचालकों, खांडसारी उद्योग एवं विभिन्न किसान संगठनों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की थीं। इन प्रावधानों से किसानों को मिलने वाले बेहतर मूल्य तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित छोटे एवं मध्यम उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों, सहकारी संस्थाओं, किसान संगठनों, खांडसारी उद्योग एवं अन्य हितधारकों की भावनाओं और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए मसौदा आदेश को वापस लेने का सराहनीय निर्णय लिया है। इससे लाखों गन्ना किसानों, मजदूरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने वाले उद्योगों को राहत मिलेगी। अशोक चौधरी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में कोल्हू-क्रेशर एवं खांडसारी उद्योग किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार के इस निर्णय से किसानों के हित सुरक्षित होंगे तथा पारंपरिक उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने पीएम मोदी, सीएम योगी एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों एवं ग्रामीण उद्योगों की चिंताओं को समझते हुए लिया गया यह निर्णय किसान हितैषी सोच का परिचायक है। गन्ना किसानों, कोल्हू-क्रेशर संचालकों, खांडसारी उद्योग प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण उद्यमियों ने भी केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है।

# ग्राम प्रधान संगठन का सम्मान समारोह

## संगठन की मजबूती के लिए ग्राम प्रधान हर संभव सहयोग करें : तपराज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन द्वारा विकास भवन के सभागार में ग्राम प्रधानों के प्रशासक बनाए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित ललित शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव गणेश ठाकुर एड. एवं प्रदेश सचिव डा.महाराज सिंह उपस्थित रहे।

समारोह में जिला अध्यक्ष एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा अपने प्रांतीय अध्यक्ष, डीपीआरओ एवं अन्य अतिथियों का फूल मालाएं पहनाकर एवं गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललित शर्मा ने कहा कि हमारे संगठन की मांग पर प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाकर जो सराहनीय कार्य किया है, हम उसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने ग्राम प्रधानों का आह्वान करते हुए कहा कि वह प्रशासक के रूप में ग्राम पंचायत के विकास के लिए निरंतर सकारात्मक कार्य करते रहें।

संगठन द्वारा ग्राम प्रधानों के हित में आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। इसलिए संगठन को एकजुट होकर मजबूत करने का कार्य करें। गणेश ठाकुर एड. ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के लिए पिछले 6 माह से किए गए प्रयासों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन के उच्च पदाधिकारियों ने शासन से निरंतर सकारात्मक वार्ता करने का जो कार्य किया है उसी के परिणाम स्वरुप सरकार ने हमें यह तोहफा दिया है।

अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी डा. प्रीतम सिंह ने सभी ग्राम प्रधानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी सभी समस्याओं का यथोचित निराकरण कराया जाएगा। कार्यालय दिवस में कोई भी ग्राम प्रधान अपनी समस्या को लेकर उनके पास आ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी समय आपकी परीक्षा का भी है। इसलिए सभी कार्य जनहित में करें। अपने पंचायत संबंधी रिकॉर्ड सही रखें।

नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन से जुड़े सभी ग्राम प्रधानों को यथा समय यथोचित सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्राम प्रधानों की एकता पर जोर दिया। ग्राम प्रधान अपने संगठन की मजबूती के लिए हर संभव सहयोग करें, तभी संगठन आप सबके हित की लड़ाई के लिए प्रयासरत रह सकेगा। अन्य वक्ताओं में डा.महाराज सिंह, राहुल हुड्डा, संजय सिंह, हिमांशु राजपूत, विनय कुमार, उदित कुमार, सुरेश सिंह, हेमेंद्र सिंह रमेश सिंह, मौहम्मद अशफाक, निरंजन कुमार, मीना शर्मा, विकास राजपूत आदि ने भी ग्राम प्रधानों की एकता और संगठन के प्रति समर्पित भावना से काम करते रहने पर जोर दिया।

इस मौके पर स्वाहेड़ी निवासी धीरेंद्र सिंह को मंडल उपाध्यक्ष एवं नया गांव के ग्राम प्रधान संजय सिंह को ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

जिलाध्यक्ष सोमदेव सिंह की अध्यक्षता एवं डा. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' के संचालन में आयोजित स्वागत समारोह में जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित अनेक ग्राम प्रधानों ने सहभागिता की।

# जेल से छूटा आशिक प्रेमिका के घर के लगा रहा था चक्कर



## टोकने पर भाई और बाप पर धारदार हथियार से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** जेल से छूट कर आया नाबालिग किशोरी का आशिक उसके घर के इर्द गिर्द चक्कर लगा रहा था। लड़की के भाई और बाप ने उसे टोका तो आशिक और उसके परिवार के लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया और बाप बेटे को मार पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को बिजनौर से मेरठ रेफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला शाहविलायत निवासी सलीम पुत्र अखलाक ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी बहन बीती शाम करीब पांच बजे अपने घर के बहार कुछ काम कर रही थी। तभी मौहल्ले का ही फैजान बेग पुत्र तौफीक उर्फ भाईजान, जो मेरी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 149-2025 धारा 137(2), 352, 351(2), 87, 64 (1) बीएनएस व पोक्सो एक्ट में जेल गया था। वह अब जेल से छूटने के बाद हमारे घर के इर्द-गिर्द चक्कर काटता घूम रहा है। आज मैंने, मेरे भाई शमीम व पिता अखलाक द्वारा अनावश्यक घर के इर्द-गिर्द चक्कर काटने पर उसे टोका, तो उसने कहा कि तुमने मेरे खिलाफ मुकदमा लिखवाया था अब मैं तुम्हे मजा चखाता हूं। तभी कुछ समय बाद फैजान बेग अपने भाई मानू उर्फ सुलेमान, रिहान पुत्रगण तौफिक बेग व फईम पुत्र रफीक बेग, शाहदाब पुत्र तौसीब बेग और रहबर पुत्र शब्बू निवासीगण मौहल्ला शाहविलायत को साथ लेकर एकराय होकर अपने हाथों में लाठी-डंडे, सरिया व धारदार हथियार लेकर उनके घर पर आ चढ़े और आते ही मेरे भाई शमीम व मेरे पिता अखलाक के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से वार किया। जिससे वह दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पातल में भर्ती कराया गया हैं। गंभीर हालत में बिजनौर से मेरठ रेफर किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

# वार्षिकोत्सव स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में मनाया

## माता चौकी में उमड़े श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धर्म नगरी धामपुर की अग्रणी धार्मिक संस्था नवदुर्गा जागरण पार्टी का 50वां वार्षिकोत्सव स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशाल माता चौकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग स्थित एक मंडप में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह, स्योहारा ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से माता रानी के दरबार में ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों का पारंपरिक स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। संस्था के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी तथा सरदार हर्षदीप सिंह सलूजा के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक पूजन के साथ हुआ। पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज ने संपन्न कराया। इसके बाद आयोजित भजन संध्या में पुष्पेंद्र चौहान, संदीप दीवाना, सोना, अभिषेक वर्मा, सोनम राजपूत, आचार्य विकास वशिष्ठ, राजू साहिल एवं गौरी वर्मा सहित अनेक भजन गायकों ने माता रानी की भेंटें प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की झांकियों तथा महिलाओं के सामूहिक नृत्य ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। महोत्सव के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अनेक व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल एवं महाकाल जागरण पार्टी द्वारा संस्था के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा को 50 वर्षों की धार्मिक सेवाओं के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए धामपुर शुगर मिल की ओर से शरबत वितरण शिविर तथा वरुण कुमार गुप्ता परिवार की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में नारियल एवं चुनरी अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## एक नजर

### नशा मुक्ति संकल्प रैली निकाली

**नजीबाबाद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत संकल्प रैली निकाली गई। जयनगर और विजयनगर कॉलोनियों से गुजरी इस रैली में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं और साधकों ने लोगों को तंबाकू और अन्य नशों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान लगाए गए नारों ने पूरे क्षेत्र का वातावरण नशामुक्ति के संदेश से गुंजायमान कर दिया। रैली का शुभारंभ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उपवन से हुआ। इसमें जिला समन्वयक पुखराज सिंह, जिला सह-समन्वयक इंद्रदेव शर्मा और तहसील समन्वयक (नगीना) विनोद चौहान सहित अनेक पदाधिकारी और साधक शामिल हुए। हाथों में दुर्व्यसन विरोधी संदेश लिखी पट्टियां लेकर कार्यकर्ताओं ने जनजागरण अभियान चलाया। रैली के दौरान बीड़ी, सिगरेट, पान, तंबाकू तन-मन-धन के यह सब डाकू और नशा नाश की जड़ है भाई जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साधकों ने घर-घर और मौहल्लों तक पहुंचकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। गायत्री परिवार की जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी में आगामी कार्यक्रमों की योजना भी तैयार की गई। बैठक में हरगनपुर और चांदपुर में 108 कुंडीय गायत्री यज्ञ, उदयपुर अफजलगढ़ में 51 कुंडीय यज्ञ, राजा का ताजपुर में 24 कुंडीय यज्ञ तथा मोरना में विशाल युवा सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक एवं स्थानीय जोन समन्वयक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि तंबाकू और नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा, तंबाकू को न कहें, स्वास्थ्य को हां कहें। सद्गुण सच्ची संपत्ति है और दुर्गुण सबसे बड़ी विपत्ति है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सुमन वर्मा, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, सारिका अग्रवाल, एचपी गुप्ता और रोहिताश सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन के अंत में सभी ने समाज को नशामुक्त बनाने और जनजागरण अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### लोकमाता को श्रद्धांजलि दी

**नजीबाबाद।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। भारतीय मजदूर किसान यूनियन देव शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन पाल के नेतृत्व में निकाली गई विशाल शोभायात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। दोयजवाली से साहू जैन डिग्री कॉलेज तक निकली इस यात्रा ने पूरे शहर को भक्ति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के रंग में रंग दिया। रास्ते भर जयकारों और पुष्पवर्षा से माहौल उत्सवमय बना रहा। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सजे-धजे रथ, आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजों ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया। यात्रा मार्ग पर दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने श्रद्धा और उत्साह के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन पाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासिका नहीं थीं, बल्कि जनसेवा, न्याय और धर्म की सच्ची प्रतीक थीं।

## एक नजर

### नाबालिग से रेप की चर्चा तेज

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर में एक नाबालिग से रेप का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि शनिवार को उमरी पीर के कुछ ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देते हुए गांव के ही एक युवक पर एक नाबालिग युवती को पिछले डेढ़ साल से अपनी हवस का शिकार बनाने का आरोप लगाया था। साथ ही इस काम में उसका साथ दे रहे युवक के कुछ साथियों पर भी आरोप लगाया गया था। जिसके बाद पुलिस ने न केवल आरोपित युवक बल्कि उसका साथ देने वाले तीन-चार अन्य युवकों को भी उठा लिया था और उनसे पूछता शुरू कर दी थी। सूत्र बताते हैं कि जहां सभी साथियों को कुछ समय बाद ही छोड़ दिया गया था, तो वहीं आरोपित युवक को भी शाम के अंधेरे में छोड़ दिया गया। सूत्रों का कहना है कि न तो युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया और न हीं आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा ही पंजीकृत किया गया। उधर इस संबंध में जब थाना प्रभारी निरीक्षक से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि वह छुट्टी पर है। एसआई रजत चौधरी ने तत्काल जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामला मारपीट से संबंधित था जिसमे फैसला भी कर लिया गया था।

### जन सेवा केंद्र के संचालक से मारपीट



**नहटौर।** ग्राम बाकरनगर निवासी सलमान ने हरगनपुर बाजार में जन सेवा केंद्र खोल रखा है । बताया जाता है कि सायं करीब छह बजे दो कारों में सवार होकर 10 से 12 युवक पहुंचे। जिनमें से कई युवकों ने नकाब लगा रखा था। जन सेवा केंद्र पर पहुंचकर सलमान के साथ मारपीट शुरू कर दी और तोड़फोड़ की। जिसमें लैपटॉप मोबाइल आदि सामान टूट गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मारपीट के दौरान बाजार में काफी भीड़ थी, लेकिन कोई घटना स्थल की ओर नहीं पहुंचा। कार सवार मारपीट की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में सलमान को सीएचसी में भर्ती कराया गया है । पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है । कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि कहासुनी को लेकर विवाद होने की बात सामने आ रही है और मामले की जांच की जा रही है।

### श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**हल्दौर।** क्षेत्र के ग्राम चांदा नंगली में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन 51 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य कलशयात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। ग्राम निवासी राजेंद्र सिंह के घेर से निकली कलशयात्रा का ग्रामीणों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान सत्यम चौधरी ने किया। बरेली से पधारे कथावाचक निर्मल दासानुदास महाराज ने मुख्य यजमान प्रमोद सैनी से विधि-विधान के साथ पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक ने भागवत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है तथा उसे धर्म और सदाचार का मार्ग प्राप्त होता है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कमलेश देवी, बाबूराम आर्य, राजेश्वरी देवी, सरिता, डोली, अमर सिंह, आदेश देवी, सरोज देवी, गीता, नेहा, प्रीति, गायत्री, पवन कुमार, कविता, लेखराज, पवन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### युवक पर चाकू से हमला



**स्योहारा।** ग्राम सहसपुर निवासी युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला मौलवियान कच्चा सहसपुर निवासी मौहम्मद हसन पुत्र स्व.मौहम्मद सादान ने थाना स्योहारा में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि आज शाम करीब साढ़े चार बजे वह वॉटर पार्क में नहा रहा था। इसी दौरान गांव के तसलीम उर्फ छोटा के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। पीड़ित का आरोप है कि बाद में जब वह छोटे बच्चों के साथ घर वापस लौट रहा था, तब आरोपी ने ट्रांसफार्मर के पास उसकी बाइक रुकवा ली और गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने चाकू से कई वार किए, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी तथा उसके साथ मौजूद बच्चों पर भी हमला करने का प्रयास किया। घटना के बाद घायल युवक ने थाना पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संबंध विच्छेद सूचना

हमारी पुत्री उमरा राशिद हमारे कहने व सुनने में नहीं है। उसने बगैर इजाजत के आजम निवासी मौहल्ला सराय रफी, कस्बा व थाना चांदपुर, जिला बिजनौर से शादी कर ली है। उमरा राशिद की इसी हरकत से तंग व परेशान होकर हमने उमरा राशिद व उसके पति आजम से अपने संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अब इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं रहा हैं। भविष्य में इनके साथ कोई भी घटना घटने पर और इनके द्वारा किसी भी कृत्य व लेनदेन का यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **राशिद हसन पुत्र नाजिर अली, कैसर जहां पत्नी राशिद हसन निवासीगण मौहल्ला सराय रफी, वार्ड नंबर 13, कस्बा व थाना चांदपुर, बिजनौर।**

# 11 दिन में तीसरी बार गिरा पत्थर

## स्टेशन परिसर में मची अफरा-तफरी, चार यात्री बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करोड़ों रुपए की लागत से वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकसित किए गए धामपुर रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। महज 11 दिनों के भीतर तीसरी बार स्टेशन भवन से पत्थर गिरने की घटना सामने आने के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही घटनाओं ने रेलवे प्रशासन, निर्माण एजेंसी और तकनीकी टीम की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार बीती देर शाम स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। कुछ यात्री प्लेटफॉर्म पर टहल रहे थे तो कुछ मुख्य द्वार के आसपास खड़े थे। इसी दौरान स्टेशन के सौंदर्यीकरण के लिए लगाया गया एक भारी पत्थर अचानक भरभराकर नीचे गिर पड़ा। पत्थर गिरने की आवाज सुनकर स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चार यात्री इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। यदि उस समय कोई यात्री पत्थर के नीचे होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

गौरतलब है कि इससे पहले भी दो बार इसी प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पहली घटना में स्टेशन भवन की ऊपरी मंजिल से पत्थर गिरा था, जबकि दूसरी घटना में मुख्य प्रवेश द्वार के ऊपर लगा पत्थर टूटकर नीचे आ गिरा था। दोनों मामलों में भी बड़ा हादसा टल गया था। अब तीसरी घटना के बाद यात्रियों और स्थानीय नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

घटना के बाद रेलवे अधिकारियों और निर्माण एजेंसी में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार देर रात तक स्टेशन परिसर में मरम्मत कार्य चलता रहा। शाह टाइम्स की टीम जब रात लगभग 11:30 बजे मौके पर पहुंची, तो टूटे हुए पत्थर को हटाकर नया पत्थर लगाने का कार्य जारी था। मौके पर मौजूद श्रमिक क्षतिग्रस्त हिस्से को बदलने और उसे अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने में जुटे थे।

बताया जाता है कि पत्थरों में ड्रिल कर विशेष फास्टनर और पिन लगाए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप किया गया होता तो बार-बार इस तरह की घटनाएं सामने नहीं आतीं। स्टेशन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इसके उद्घाटन की तैयारियां भी चल रही हैं। ऐसे समय में लगातार सामने आ रही घटनाओं ने पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

करीब तीन वर्ष पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने धामपुर रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का दावा किया गया था, लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

### रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य करेंगे शिकायत

धामपुर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य राघव शरण गोयल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर लगातार हो रही घटनाएं बेहद गंभीर हैं और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा विषय हैं। उन्होंने बताया कि वह रेलवे सलाहकार समिति के अन्य सदस्यों नागेश्वर दयाल गहलौत और अनिल शर्मा सहित अन्य सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से केंद्रीय रेल मंत्री तथा रेलवे के उच्चाधिकारियों को पत्र भेज रहे हैं। पत्र के माध्यम से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट हो सके।

### जांच की मांग तेज

लगातार तीसरी घटना के बाद स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और यात्रियों ने पूरे मामले की तकनीकी जांच कराने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा कराने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से तैयार किए गए स्टेशन पर यदि उद्घाटन से पहले ही इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, तो यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। फिलहाल रेलवे प्रशासन मामले की जांच कराने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की बात कह रहा है, लेकिन 11 दिनों में तीसरी घटना ने यात्रियों के मन में भय और अविश्वास पैदा कर दिया है।

## भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ



### 101 कलशों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम नौरंगाबाद स्थित पंचायत भवन में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। 101 मंगल कलश धारण किए महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के जयकारों के बीच पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के प्रमुख मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक पूजन से हुआ। पूजन कार्यक्रम हापुड़ से आए आचार्य पंडित सचिन कुमार शर्मा ने संपन्न कराया। इसके बाद निकली विशाल कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर तथा शीतल शरबत वितरित कर कलश यात्रियों का स्वागत किया। कलश यात्रा में ग्राम पंचायत अल्हैपुर के प्रशासक प्रदीप कुमार चौहान, उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी चौहान, राजा चौहान, प्राची चौहान, चारुल चौहान, वंशिका चौहान, निशांक चौहान, ठाकुर शूरवीर सिंह, डॉ. सुजाता सिंह, कुंवर कर्णवीर सिंह, काव्या, अमेरिका निवासी कुंवर सिद्धार्थ सिंह, वर्षा सिंह एवं ईरा सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कलश यात्रा में कथा के मुख्य यजमान ठाकुर शूरवीर सिंह सिर पर श्रीमद्भागवत ग्रंथ धारण किए हुए चल रहे थे, जबकि प्रदीप कुमार चौहान लड्डू गोपाल को गोद में लेकर यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। वृंदावन से पधारे कथावाचक कृष्ण मोहन महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी

### पत्रकारिता का बदलता स्वरूप विषय पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन (पंजी.) के तत्वावधान में 'हिंदी पत्रकारिता दिवस' के अवसर पर एक भव्य मंडल स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य विषय 'पत्रकारिता का बदलता स्वरूप' रहा। जिस पर उपस्थित विद्वानों और पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सूचना आयुक्त एवं सेवानिवृत्त डीआईजी सुधीर कुमार चौहान रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है। बदलते दौर में तकनीक के प्रभाव से इसके स्वरूप में बदलाव आना स्वाभाविक है, लेकिन पत्रकारिता के मूल मूल्यों, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों से कभी समझौता नहीं होना चाहिए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील उपस्थित रहे। उन्होंने समाज और व्यवस्था के बीच सेतु का काम करने वाले कलमकारों के इस प्रयास की जमकर सराहना की। विचार गोष्ठी में पत्रकारिता के बदलते आयामों पर मंडल और जिला स्तर के प्रमुख मुख्य वक्ताओं ने गहन मंथन किया। इस पूरे भव्य आयोजन की अध्यक्षता प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रतेन्द्र विश्नोई वरिष्ठ पत्रकार ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा कि बारिश की बाधा के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में पत्रकारों का जुटना यह साबित करता है कि हम अपनी वैचारिक क्रांति के प्रति कितने समर्पित हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र चौधरी, अफसार सिद्दीकी, मुकेश त्यागी, मनोज वाल्मीकि, आदेश बिश्नोई व एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यगणों के आपसी तालमेल और मेहनत के चलते ऐन वक्त पर आए मौसमी व्यवधान को पूरी तरह मात दे दी गई। शाम सात बजे से शुरू हुई यह वैचारिक संगोष्ठी और परिचर्चा देर रात तक चलती रही। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों, वक्ताओं और पत्रकार साथियों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। उपस्थित जनसमूह ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए आपसी संवाद को और सुदृढ़ किया। उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों ने विपरीत मौसम में भी इतने शानदार और व्यवस्थित आयोजन के लिए प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन नगीना की पूरी टीम की मुक्त कंठ से सराहना की।

## एक नजर

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर कार्यक्रम



**नगीना।** भारतीय प्रेस क्लब एसोसिएशन (पंजीकृत) द्वारा 30 मई को हिंदू इंटर कॉलेज में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि रजनी जौहर एसीपीसीए सदस्य व गौशाला प्रबंधक, विधायक मनोज पारस, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पाल खटीक, एसोसिएशन अध्यक्ष एड. वसीम वारसी और महामंत्री अंकुर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने सोशल मीडिया के दौर में भ्रामक खबरों से बचकर तथ्यों पर आधारित सजग पत्रकारिता करने, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सामने आ रही चुनौतियों से डटकर लड़ने और सरकार द्वारा पत्रकारों की समस्याओं पर ध्यान देने की बात कही। चेयरमैन संघ अध्यक्ष शाहनवाज खलील की अध्यक्षता तथा राकेश कुमार वर्मा के संयोजन में चले इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि और जनपद के भारी संख्या में आए पत्रकारों को माला, बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्योति लाल शर्मा, बृजेश कुमार, सुधीर कुमार, रोहित रवि, आदेश बिश्नोई, राकेश कुमार, आलमगीर काजमी, असलम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### शक्ति केंद्र पर सुनी गई 'मन की बात'



**नजीबाबाद।** तातारपुर लालू शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना गया। इस दौरान भाजपा बूथ अध्यक्षों की एक बैठक भी आयोजित की गई। गजरौला पैमार मंडल के तातारपुर लालू शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 281, 282, 283, 284 और 285 पर यह कार्यक्रम हुआ। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख और तातारपुर लालू शक्ति केंद्र के प्रभारी रितेश सैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों और कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आग्रह किया। रितेश सैन ने बूथ समितियों को सक्रिय करने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

### पीड़ित परिवार से मिली लीना सिंघल

**नजीबाबाद।** विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल के ग्राम खेड़ा में सड़क हादसे में जसराम की दुखद मृत्यु पर भाजपा नेत्री श्रीमती लीना सिंघल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। भाजपा नेत्री ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि समाज व पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। श्रीमती लीना सिंघल के साथ उनके पुत्र धर्मेन्द्र, बाबूराम, प्रीतम सिंह, राजेंद्र सिंह, राजपाल, नत्थू सिंह, हरीओम, संजय, शिव कुमार जोशी, प्रधान कमलवीर, महेंद्र सिंह, उपस्थित रहे। भाजपा नेत्री ने बाद में अपने कार्यालय पर हलका दरोगा एवं कांस्टेबल को बुलाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही।

### दस्तावेज लेखक एसो. का अधिवेशन



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन (रजि.) इकाई बिजनौर का वार्षिक अधिवेशन जिला कार्यकारिणी द्वारा आज वीके गार्डन में संपन्न हुआ। जिसमें संगठन को मजबूत करने पर व सरकार की अनावश्यक नीतियों द्वारा दस्तावेज लेखकों के भविष्य को लेकर विचार किया गया। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी से आए प्रमोद चौधरी (प्रदेश उपाध्यक्ष) व मनोज कुमार कुराली (प्रांतीय मंत्री), बाबू अली (प्रदेश संगठन मंत्री), सवित कुमार गौतम (मंडल संगठन मंत्री), जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, इकाई बिजनौर अध्यक्ष रणवीर सिंह, सचिव इकाई बिजनौर देश. बंधु वर्मा (बंटी), नरेश जैन, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह जिला ऑर्गेनाइजर व पांच तहसीलों के इकाई अध्यक्ष व काफी संख्या में दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे।

### बलराम सिंह अध्यक्ष, अरविंद शर्मा बने मंत्री

**बिजनौर।** यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन, बिजनौर का चुनाव कार्यक्रम चांदपुर रोड स्थित रोडवेज वर्कशॉप परिसर में आयोजित किया गया। बलराम सिंह को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मौहम्मद काशिफ और शाहबुद्दीन को उपाध्यक्ष, अरविंद शर्मा को मंत्री, गुरबाज सिंह और शर्मेन्द्र सिंह को संयुक्त मंत्री, शिवमंगल राम को संगठन मंत्री तथा कैसर अब्बास को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ब्रह्मपाल सिंह, प्रदीप कुमार, साजिद, जागेश कुमार, अशोक कुमार द्वितीय, दिलशाद अहमद एवं चिराग शर्मा को चुना गया। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और संगठन हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

### चोरी के सामान सहित दो गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा।** पुलिस ने दो नफर अभियुक्तों गौतम पुत्र फूल सिंह व जितेंद्र उर्फ कलवा पुत्र विरमजीत निवासीगण ग्राम कड़ा वजीतपुर को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से एक ई-रिक्शा और पिलर बनाने के कुछ लोहे के फर्मे बरामद किए गए है। अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर चालान कर दिया गया है।




# अवैध खनन करने वाले 10 लाख के जुर्माने से अधिरोपित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध खनन को लेकर डीएम की सख्ती का असर होने लगा है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों पर परिवहन और खनन विभाग के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गंगा किनारे क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान 27 को हिरासत में लिया और एक दर्जन से अधिक वाहनों को सीज किया। जबकि पांच वाहनों का चालान कर 10,69,070 रूपयं का अर्थदंड से अधिरोपित किया।

जनपद में अवैध खनन का काला कारोबार जमकर जारी है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के अवैध खनन पर सख्त तेवर है। शनिवार को डीएम और एसपी की सख्ती का असर दिखायी दे गया। तहसील गुन्नौर के जुनावई थाना क्षेत्र के असदपुर में डीएम और एसपी के निरीक्षण के बाद थाना पुलिस ने गंगा किनारे किये गए निरीक्षण में अवेध रूप से खनन करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 27 लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग के आरोप उनका चालान कर उपजिलाधिकारी गुन्नौर के न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया। इसके अलावा खनन के काले कारोबार में बरामद वाहनों को सीज करने के साथ पांच वाहनों का चालान किया गया। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा राजस्व पुलिस, परिवहन एवं खनन विभाग के अधिकारियों के औचक निरीक्षण में प्रारमिभक जांच के मौके पर पाये गए अवैध खनन करने वालों को 10,69,070 के जुर्माने से अधिरोपित किया गया है।

### ० डीएम एसपी ने किया था औचक निरीक्षण



सम्भल। अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे डीएम एसपी निरीक्षण करते।

# गंगा में शव उतराने की सूचना पर पुलिस ने की तलाश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बबराला।** थाना क्षेत्र के राजघाट गंगा घाट से होते हुए गांव फरीदपुर के जंगल के पास गंगा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहता दिखाई देने की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। पुलिस ने तत्काल व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

### ०कई किलोमीटर तक की खोजबीन

यह जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर के माध्यम से सामने आई थी, जिसमें एक अर्धनग्न व्यक्ति का शव गंगा नदी में बहता हुआ नजर आ रहा था। तस्वीर वायरल होने के बाद बबराला थाना पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद ली और नाव के जरिए गंगा में तलाश अभियान चलाया। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी और बबराला चौकी प्रभारी लोकेश कुमार ने राजघाट, फरीदपुर और मीरमपुर घेर के आसपास गंगा के कई किलोमीटर क्षेत्र में गहनता से खोजबीन की। हालांकि, काफी तलाश के बाद भी शव का कोई पता नहीं चल सका। प्राथमिक अनुमान है कि शव अनूपशहर क्षेत्र की ओर से गंगा के तेज बहाव में बहता हुआ आया था और नरोरा की दिशा में आगे निकल गया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों को भी इस संबंध में सूचित कर दिया है।

## देर दोपहर तूफानी हवा के साथ बारिश

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** देर दोपहर आसमान में काली घटा छा गयी। जबकि कुछ देर में भारी बारिश होने लगी। इसी के साथ तेज रफ्तार के साथ हवा शुरू हो गयी। तूफानी हवा के साथ हुई बारिश से जहां भयंकर गर्मी ने लोगों को बड़ी राहत प्रदान की वहीं प्रशासन के तूफानी हवा में रेड अलर्ट का सायरन मोबाइल पर बजना शुरू हो गया। जिसके चलते सड़कों पर चलते लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचना शुरू कर दिया। इसी के साथ बारिश से कई स्थानों पर जल मगन हो गया। सड़क पर पानी भर जाने से दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई।

# कड़ी सुरक्षा में सम्पन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्व तरीके से सम्पन्न हो गयी। प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन व सुचिता पूर्ण सम्पन्न कराने को व्यापक व्यवस्था की गयी।

रविवार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर कराया गया। परीक्षा पूरी तरह से नकल विहीन और शांति पूर्ण सम्पन्न कराने को व्यापक इंतेजाम किये गए थे। परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की गहन जांच के बाद ही परीक्षा केन्द्रों के अंदर प्रवेश दिया गया। अपने निर्धारित समय पर परीक्षा देने निकले परीक्षार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। अधिकतर परीक्षार्थियों ने परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को काफी आसान और मध्यम स्तर का बताते हुए कहा कि सामान्य तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का भी प्रदर्शन अच्छा रहा। विशेष रूप से सामान्य ज्ञान और पॉलिटी से जुड़े प्रश्न अपेक्षाकृत काफी आसान रहे। कुछ परीक्षार्थियों ने रीजनिंग एवं अंग्रेजी में हल्की परेशान महसूस होना कहा। अभ्यर्थियों ने बताया कि सामान्य ज्ञान का भाग काफी सरल रहा।लेकिन अंग्रेजी में इस बार एक्टिव-पैसिव जैसे पारंपरिक प्रश्न नहीं आए, जिससे थोड़ा भ्रम हुआ। कुछ परीक्षार्थियों ने परीक्षा को संतुलित बताते हुए कहा कि दो-तीन महीने की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का भी पेपर अच्छा रहा होगा। उनके अनुसार अंग्रेजी में बेसिक ग्रामर और दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले शब्दों से जुड़े प्रश्न आए, जबकि सामान्य ज्ञान में करंट अफेयर्स की अपेक्षा स्टेटिक सामान्य ज्ञान का हिस्सा अधिक रहा।जबकि कुछ ने कहा कि पेपर ना ज्यादा कठिन, ना ज्यादा आसान था। कोई भी सेक्शन विशेष रूप से मुश्किल नहीं था। परीक्षा को फिर भी सफल बताते हुए कहा कि अधिकांश प्रश्न पढ़े हुए पाठयक्रम से ही आए थे। बहरहाल बीएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और अधिकांश परीक्षार्थियों ने अच्छे परिणाम की उम्मीद जताई है। कहीं से किसी बड़ी अव्यवस्था की शिकायत सामने नहीं आई। प्रवेश परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो. योगेन्द्र सिंह ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड में राजकीय महाविद्यालय सम्भ्ल में 420 परीक्षार्थी पंजीकृत थे लेकिन इनमें 394 पहुंचे 26 अनुपस्थित रहे, जबकि हिंद इंटर कॉलेज में 320 पंजीकृत थे लेकिन 297 ने परीक्षा दी, 23 अनुपस्थित रहे। एमजीएम पीजी कॉलेज में बने परीक्षा केन्द्र पर 460 पंजीकृत परन्तु 425 उपस्थित रहे35 अनुपस्थित, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में 341 परीक्षार्थी पंजीकृत थे लेकिन 311 परीक्षा देने पहुंचे30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



सम्भल। शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज से बीएड प्रवेश परीक्षा देकर आते।

# अहिल्याबाई का शासन न्याय और लोक कल्याण की मिसाल

### ०सपाइयों ने जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए और जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ था। मात्र 8 साल की उम्र में उनका विवाह मालवा के सूबेदार खंडेराव होल्कर से हुआ। पति और ससुर की मृत्यु के बाद उन्होंने डरने के बजाय राज संभाला। युद्ध कला, प्रशासन और नीति में निपुण अहिल्याबाई ने 30 साल तक मालवा पर शासन किया। घोड़े की सवारी और तलवारबाजी में कुशल रानी ने अपने राज्य की सीमाओं की रक्षा खुद की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रदीप यादव उर्फ गुडडू ने कहा भारत सरकार ने 1996 में राजमाता अहिल्याबाई होलकर के सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया उन्हें फिलोसोफर क्वीन भी कहा जाता है। अहिल्याबाई का शासन न्याय और लोककल्याण की मिसाल था। उनका दरबार हर प्रजा के लिए खुला रहता था। वो रोज खुद फरियाद सुनतीं और तुरंत न्याय करतीं। कर व्यवस्था को सरल बनाया, व्यापार को बढ़ावा दिया और किसानों की भलाई के लिए काम किया। उनके राज में चोरी-डकैती लगभग खत्म हो गई थी। जनता उन्हें 'माई' कहकर पुकारती थी। उनके शासनकाल को इतिहासकारों ने 'रामराज्य' की संज्ञा दी है। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई सच्ची सनातन धर्म की रक्षक थीं। उन्होंने पूरे भारत में 100 से ज्यादा मंदिर, घाट, कुएं, धर्मशालाएं और तालाब बनवाए। काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, उज्जैन का महाकाल मंदिर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गया, हरिद्वार, द्वारका - भारत का शायद ही कोई तीर्थ हो जहां उनके द्वारा बनवाया गया घाट या मंदिर न हो। 1767 में उन्होंने इंदौर के पास महेश्वर को अपनी राजधानी बनाकर वहां सुंदर किले और मंदिरों का निर्माण कराया। महेश्वरी साड़ी को भी उन्होंने ही संरक्षण दिया। बैठक में ताहिर उल्ला खान राजीव यादव रामू निसार अहमद शोभित कुमार काका सद्दाम कुरेशी उमेश दिवाकर सुमित के पी यादव अशोक राणा अशोक गुप्ता मुर्शिद खान रवि यादव चेतन गुप्ता रियासत भाई महबूब अली तसल्लीम भाई डा हो राम सिंह सदन शेख गजेन्द्र रामबाबू धर्मेश यादव सर्वेश दिवाकर मोबीन भाई नजाकत आदि उपस्थित रहे।



सम्भल-महारानी अहिल्साबाइ होल्कर जयंती पर बोलते सपा जिलाध्यक्ष।

## भाकियू खालसा की बैठक में किसान हित में कार्य करने का संकल्प

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** भारतीय किसान यूनियन खालसा की एक महत्वपूर्ण बैठक में संगठन का विस्तार किया ओर किसानों की हक की लड़ाई लड़ने व ईमानदारी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया।

ग्राम शाहपुर ग्राम प्रधान सोरन सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से ग्राम प्रधान सोरन सिंह को तहसील अध्यक्ष संभल के पद पर मनोनीत किया गया।कार्यक्रम में नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष सोरन सिंह ने संगठन का आभार व्यक्त किया। भारतीय किसान यूनियन खालसा की राष्ट्र सर्वोपरि की विचारधारा और ईमानदारी के सिद्धांत पर चलते हुए किसानों के हक की लड़ाई लडूंगा। एमएसपी गारंटी कानून, गन्ना भुगतान, आवारा पशु, बिजली, खाद-बीज की समस्या सहित किसानों के हर मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में महेश सिंह चौधरी, सतबीर सिंह, विनोद कुमार, सूरजवीर सिंह, उमेश सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# अकीदत के साथ मना मौलाना मुफ्ती फारूक का उर्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पूर्व इमाम ईदगाह के सालाना उर्स अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स में मनकबत और नाते पाक के नजराने पेश किए गए।

ईदगाह के पूर्व इमाम, प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और कई धार्मिक किताबों के लेखक शाह मुफ्ती मोहम्मद फारूक हामिदी कादरी रहमतुल्लाह अलैह का 15 वाँ सालाना उर्स आज बाद नमाज-ए-मगरिब कादरी मंजिल, कोट शकी बड़े सम्मान और श्रृद्वा के साथ मनाया गया। उर्स कार्यक्रम में उलेमा, इमाम, सामाजिक लोगों के साथ बड़ी संख्या में आम लोगों ने भी भाग लिया। हजरत मुफ्ती मोहम्मद फारूक हामिदी रहमतुल्लाह अलैह ने अपनी पूरी जिंदगी इस्लाम की शिक्षा फैलाने, लोगों की धार्मिक रहनुमाई करने, फतवे लिखने और समाज की भलाई के कामों में बिताई। एक बड़े आलिम, अच्छे लेखक और बेहतरीन शिक्षक थे। आपकी किताबें और धार्मिक सेवाएँ आज भी लोगों के लिए मार्गदर्शन का स्रोत हैं। कार्यक्रम की शुरुआत कारी मोहम्मद इमरान ने मुकददस किताब की तिलावत से की। जबकि सैयद मिन्हाजुल कादिर ने नात और मनकबत पेश की।मुफ्ती मिस्बाहुल हसन नईमी ने कहा कि मुफ्ती साहब ने हमेशा मौहब्बत, भाईचारे और एकता का पैगाम दिया। मौलाना फैजान अशरु हामिदी ने शजरा शरीफ पढ़ा,सलातो सलाम के बाद मौलाना सैयद यजदानी मियाँ ने दुआ कराई। उन्होंने मरहूम के लिए मगफिरत, मुसलमानों की तरक्की, देश में अमन और संभल की खुशहाली की दुआ की। कार्यक्रम के अंत में कारी बुरहान अशरफ हामिदी और कारी गाजी अशरफ हामिदी की ओर से लंगर का एहतेमाम किया गया, जिसमें सभी लोगों ने हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि वे हजरत मुफ्ती साहब के मिशन को आगे बढ़ाते रहेंगे और समाज की भलाई के लिए काम करेंगे। यह उर्स की महफिल हजरत मुफ्ती मोहम्मद फारूक हामिदी रहमतुल्लाह अलैह की महान सेवाओं को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बनी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मौलाना नफीस अख्तर अशरफी, मौलाना कारी इरफान लतीफी, मौलाना शुऐब अमजदी, मुफ्ती मिस्बाहुल हसन नईमी, मौलाना सलीम अशरफ हामिदी, मौलाना मुज्तबा हसन अशरफी, कारी बद्र आलम निजामी,मौलाना नईम अशरफ,कारी मोहम्मद इमरान, कारी मोहम्मद बिलाल, मौलाना मुईन अशरफ, मुफ्ती गुलफाम रजा, मुफ्ती अय्यूब मिस्बाही, मौलाना अकमल रजा, आदि मौजूद रहे।



## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हादसे में युवक की मौत पर अस्पताल पहुंचे वियायक रामखिलाड़ी यादव।

## हादसे में मौत पर विधायक रामखिलाड़ी पहुंचे अस्पताल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं-मेरठ हाईवे पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है हादसा दोपहर करीब 3 बजे गांव नंदपुर स्थित मजार के पास हुआ। मृतक की पहचान धनारी थाना क्षेत्र के गांव दिनौरा निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद मुनाजिर पुत्र मासूक अली व उनका साथी आलम शेर पुत्र गुलशेर पंखा ठीक कराने जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद मुनाजिर अपने घर का खराब पंखा ठीक कराने के लिए गांव पतरिया गया था। वहां पंखा ठीक नहीं हो सका। जिसके बाद वह अपने साथी आलम शेर के साथ बाइक से जुनावई जा रहा था इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद मुनाजिर को मृत घोषित कर दिया गंभीर रूप से घायल आलम शेर को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं सड़क हादसे की जानकारी मिलने पर गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी यादव भी सरकारी अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली मोहम्मद मुनाजिर की शादी तीन वर्ष पहले गुलशन के साथ हुई थी उसकी असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



सम्भल-चौधरी सराय में पीएम मोदी के मन की बात सुनते भाजपा पदाधिकारी।

## भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।**हयात नगर मंडल में शक्ति केन्द्र आचार्य मुक्तेश हकीम रईस इंटर कालेज पर भाजपा जिला जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी हयात नगर मंडल अर्जुन वाल्मीकि ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शक्ति केन्द्र संयोजक एवम नामित सभासद उत्तर प्रदेश सरकार सैयद शान अली के निवास पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिसमे मसूद अली सादिक अली राहिल अली फारूक अली शाहनवाज हुसैन राजू शेख आदि मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राजघाट गंगाघाट बना आस्था का महाकुम्भ, उमड़े श्रद्धालु

### ०मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ किया अर्जित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के पुण्य पर्व पर रविवार को राजघाट गंगा घाट हर-हर गंगे के जयकारों से गूंज उठा। ब्रह्ममुहूर्त से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से आए लाखों श्रृद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

शनिवार रात से ही श्रृद्धालुओं के जत्थे राजघाट घाट पर डेरा डालने लगे थे। सूर्य की पहली किरण के साथ ही स्नान का क्रम तेज हो गया। श्रृद्धालुओं ने स्नानोपरांत गंगा मैया को चुनरी-प्रसाद अर्पित किया, पुरोहितों से कथा-पूजन कराया और हवन-यज्ञ की पावन अग्नि में आहुतियां देकर परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की। घाट का कोना-कोना मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से गुंजायमान रहा। स्नान के दौरान प्रशासन अलर्ट रहा और चप्पे-चप्पे पर निगरानी की गई। घाट पर कोई हादसा न हो प्रशासन इस पर बेहद सतर्क रहा। भीड़ प्रबंधन से आगे बढ़कर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि घाट पर पुलिस बल और प्रशिक्षित गोताखोरों की विशेष तैनाती की गई थी। श्रृद्धालुओं को केवल बैरिकेडिंग वाले निर्धारित व सुरक्षित स्थान पर ही स्नान की अनुमति थी। गहरे जल वाले हिस्सों में जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।



बबराला- राजघाट गंगाघाट पर ज्यूष्ठ पूर्णिमा पर गंगा में स्नान करते श्रृद्वाल।

### लाउडस्पीकर से गूंजती रही अपील

**बबराला।** माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के लाउडस्पीकरों के माधयम से प्रशासन लगातार श्रृद्वालुओं से अपील करता रहा कि वे सतर्कता बरतें और तेज बहाव वाले हिस्सों से दूर रहें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एक भी अप्रिय घटना न हो, इसके लिए समूचा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर है। कड़े सुरक्षा प्रबंधों और भक्तों की आस्था के अद्भुत संगम के बीच राजघाट गंगा घाट पर ज्येष्ठ पूर्णिमा का पर्व पूरी श्रृद्वा और शांतिपूर्ण माहौल में जारी है। ।

### अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण कर नाव से की अपील

**बबराला।** सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने अधिकारियों ने नाव में बैठकर गंगा की धारा में गश्त की और माइक के जरिए श्रृद्वालुओं से गहराई वाले स्थानों पर न जाने की अपील की। डीएम ने मातहतों को निर्देश दिए कि एक भी श्रृद्वालु असुरक्षित स्थान पर न जाए, यह सुनिश्चित किया जाए।

# ड्यूटी पर कार्यरत होमगार्ड की मौत से परिवार में कोहराम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर उत्तामा निवासी होमगार्ड जवान सतीश चंद शर्मा की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सतीश चंद शर्मा पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश होमगार्ड विभाग में सेवारत थे और इन दिनों मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। उनकी ट्रेनिंग 2 मई 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित थी। परिजनों के अनुसार 29 मई को प्रशिक्षण के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसकी सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उन्हें सम्भल स्थित डा. अरविंद कुमार के अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सतीश चंद शर्मा की असमय मृत्यु की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार में मातम का माहौल है। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनमें एक बेटी और दो बेटे शामिल हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## बाइक समत घर से निकला मूक बघिर नहीं लौटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** घर से बिना बताए निकला मूक बघिर 24 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका। बाइक समेत मूक बघिर के नहीं मिलने पर परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर दी है।

नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर सराय निवासी ष्पचंउ पुत्र बृहम्पाल सिंह (30) मूक बघिर है। वह घर से बिना बताए बाइक सं. यू पी 38 जेड लेकर घर से 29 मइ को गया था। 24 घंटे से भी अधिक समय पूर्व गया मूक बघिर घर नहीं लौट सका। उसके नहीं मिलने पर परिजन चिंतित हो गए है। मूक बघिर के भाई सरजीत सिंह की ओर से थाना नखासा पुलिस को गुशुदगी की तहरीर दी है। जबकि परिजन उसकी आसपास तलाश में जुटे हैं।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने मंदिर कुंए, धर्मशालाओं का कराया निर्माण

### ०गुन्नौर में निकली शोभायात्रा

**बबराला( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर गुन्नौर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती पर एक विशाल शोभा यात्रा आकृषक झांकियों व बैंड बाजों के मध्य धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसका शुभारंभ पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा मौहल्ला सराय से आरम्भ होकर सदर बाजार, तहसील तिराहा होते हुए दीनानाथ इंटर कॉलेज गुन्नौर पर जाकर समापन हुआ। उसके बाद पूर्व मंत्री राजू,पूर्व जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक धनगर समाज एकता मंच उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी द्वारा मुख्य अतिथि अजीत कुमार उर्फ राजू यादव व अन्य अतिथियों का स्वागत पटका व माल्यार्पण करके तथा शॉल ओढ़ाकर किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने देश के अंदर काफी मंदिरों का निर्माण कराया तथा हजारों धर्मशाला लाखों कूआं भी बनवाये। उन्होंने महिलाओं में शिक्षा की अलख जगाई। संगठन अध्यक्ष चंद्रभान सिंह व अखिलेश कुमार ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर का सम्मान आवश्यक है। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। जिस समाज वर्ग व युवाओं ने अपने पूर्वजों का सम्मान नहीं किया। वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर काफी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोपाली सिंह व संचालन अखिलेश यादव व सौरभ पाल ने की। इस दौरान सोपाली सिंह, विद्याराम, तेजवीर सिंह, सौरभ पाल, खेतल सिंह, श्रीपाल सिंह, रामेश्वर, महेश, जूलियस सीजर, बीरेश यादव, इंदीवर सिंह, मुरारी लाल, सुरेश, अरुण कुमार, रवि कुमार, राहुल आदि मौजूद रहे।



सम्भल- लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर शोभायात्रा निकालते।

## पीएम मोदी के मन की बात तनमयता से सुना

**बबराला।** नगर गुन्नौर के मोहल्ला सराय में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 134 वां संस्करण सामूहिक सुबह 11 बजे शुरू हुआ।कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के प्रेरणादायी संबोधन को पूरी तन्मयता से सुना। पीएम ने एथलीट गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर के राष्ट्रीय रिकार्ड, बस्ती के आकाश गुप्ता द्वारा मनोरमा नदी बचाने के अभियान, गोवा के बालकृष्ण अड़या के जल-संरक्षण प्रयास, गिरिजा अम्मा द्वारा छात्रों से जुटाए 40 लाख रुपये सैनिकों को समर्पित करने, डॉल्फिन रेस्क्यू एंबुलेंस, एस्ट्रोनॉमी क्लब, नीदरलैंड्स से लौटी चोला काल की ताम्र पटिकाएं तथा गर्मी में देसी पेय व आम की विविध किस्मों का उल्लेख किया।

# पुलिस ने नष्ट किया 226 किलोग्राम गांजा मादक पदार्थ तस्करी पर कड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुरादाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 226 किलोग्राम गांजा का नियमानुसार विनष्टीकरण कराया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल के निर्देशन में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में संपन्न हुई।पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं पुलिस मुख्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ की मंशा के अनुरूप जनपद में जब्त मादक पदार्थों के निस्तारण की प्रक्रिया लगातार संचालित की जा रही है। इसी क्रम में उन मामलों से संबंधित अवैध मादक पदार्थों को नष्ट किया गया जिनकी अपील अवधि समाप्त हो चुकी थी अथवा जिनका न्यायिक निस्तारण पूर्ण हो चुका था।ड्रग डिस्पोजल अभियान के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद के दो थानों में दर्ज कुल दो अभियोगों से संबंधित 226 किलोग्राम गांजा को नष्ट किया गया। इस



प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और विधिक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराया गया।विनष्टीकरण की कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक अपराध सुभाष चन्द्र गंगवार तथा पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय कुलदीप गुप्ता शामिल रहे। जब्त मादक पदार्थ को "सुशीला बायो मेडिकल वेस्टेज प्लांट प्राइवेट लिमिटेड" स्थित ग्राम फतेहपुर विश्नोई, दिल्ली-हरिद्वार बाईपास, थाना छजलैट क्षेत्र में वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से नष्ट कराया गया। पुलिस का कहना है कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाते रहेंगे।

## युवाओं ने किया शरबत वितरण

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी एवं नौतपा को देखते हुए नगर के बिसौली गेट स्थित इष्टदेव चमेली गिरी मंदिर के पास युवाओं द्वारा शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को शीतल शरबत वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर बंटी ने कहा कि वर्तमान में नौतपा चल रहा है, ऐसे समय में दान-पुण्य एवं सेवा कार्यों का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना और राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाना पुण्य का कार्य है।

समाज के सक्षम लोगों को भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उपस्थित युवाओं ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर सेवा कार्यों में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बंटी, रवि, शौर्य, देव, हिमांशु, उदय सहित अन्य युवा उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहित कार्य करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### नौतपा में राहत बनी शरबत सेवा, रामलीला महा संघ ने सैकड़ों लोगों को पिलाया शीतल शरबत




**मुरादाबाद।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच श्री रामलीला महासंघ ने रविवार को कांठ रोड स्थित मधुबन चौक पर निःशुल्क शरबत वितरण शिविर लगाकर राहगीरों को राहत पहुंचाई। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए इस सेवा अभियान में सैकड़ों लोगों ने शीतल शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। शिविर का लाभ राहगीरों, बस यात्रियों, ऑटो-रिक्शा चालकों, ठेला-पटरी दुकानदारों तथा स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में उठाया।कार्यक्रम का आयोजन महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय कमलेश कुमार की पुण्य स्मृति में किया गया। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने कहा कि संस्था हमेशा सेवा भाव के साथ समाज के बीच कार्य करती रही है। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय कमलेश कुमार का मानना था कि भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को शरबत पिलाना सबसे बड़ी सेवा है।

उनकी इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए महासंघ ने हर वर्ष नौतपा के दौरान शरबत सेवा का संकल्प लिया है।राजेश रस्तोगी ने कहा कि आज के कार्यक्रम में लोगों का उत्साह और सहयोग देखकर यह महसूस होता है कि स्वर्गीय कमलेश कुमार के आदर्श आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया।शिविर में महासंघ के महामंत्री कुमार देव, बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट आनंद मोहन गुप्ता, डॉ. रोहित राजीव, अमिताभ अग्रवाल, केवल भाटिया, आलोक राठौर, संजीव यादव, अनिल कुमार सिंघल, डॉ. गौरव कुमार, महेंद्र सिंह बब्बू, कैलाश चंद्र गुप्ता, जादूगर जुगनू, डॉ. प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**मुरादाबाद।** हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में महिला आरक्षण विधेयक विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों के प्रति जागरूक करना तथा उनके विचारों को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता में अर्चना और आशी प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अन्य प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी और अधिक मजबूत होगी।मीडिया प्रभारी विशाल वर्मा ने महिला आरक्षण विधेयक के लगभग तीन दशक लंबे संघर्ष और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों की जानकारी रखने तथा सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। अंत में विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## चलती ट्रेनों में बिगड़ी तबीयत, मुरादाबाद रेलवे मंडल ने सात यात्रियों तक समय पर पहुंचाई मेडिकल सहायता

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न ट्रेनों में यात्रा के दौरान अस्वस्थ हुए सात यात्रियों को त्वरित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई। रविवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 12:30 बजे के बीच टीटीई द्वारा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कमर्शियल कंट्रोल मुरादाबाद ने संबंधित स्टेशनों पर मेडिकल टीमों की व्यवस्था कर यात्रियों को आवश्यक उपचार दिलाया।जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 12357 के कोच बी-7 में यात्रा कर रहे एक यात्री को मुरादाबाद स्टेशन पर चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई। वहीं गाड़ी संख्या 15909 के एस-1 कोच में सफर कर रहे यात्री को शाहजहांपुर स्टेशन पर उपचार उपलब्ध कराया गया।इसके अलावा गाड़ी संख्या 13006 के ए-1 कोच में यात्रा कर रही एक महिला यात्री को बरेली स्टेशन पर चिकित्सा सहायता दी गई। बरेली स्टेशन पर ही गाड़ी संख्या 15909 के एस-3 और एस-2 कोचों में यात्रा कर रहे दो यात्रियों तथा गाड़ी संख्या 04013 के एस-4 और एस-9 कोचों में सफर कर रहे दो अन्य यात्रियों को भी मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई गई।रेलवे अधिकारियों के अनुसार सभी मामलों में सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई, जिससे यात्रियों को समय पर राहत मिल सकी। उत्तर रेलवे का मुरादाबाद मंडल यात्रियों की सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर यात्री रेलवे हेल्पलाइन 139, ऑनबोर्ड रेलवे स्टाफ अथवा रेल वन के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। रेलवे की यह तत्परता यात्रियों के प्रति उसकी संवेदनशीलता और सेवा भावना को दर्शाती है।

## पुलिस लाइन बहजोई में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन बहजोई में शनिवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में एक गरिमामयी



विदाई दी गई। क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार ने सेवा. निवृत्त उपनिरीक्षक गजराम सिंह (डायल-112) तथा ताराचन्द्र (रिट सेल) को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति उपहार भेंट किए। साथ ही उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों पुलिसकर्मियों के लंबे सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि विभाग में उनकी सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## इन्साफ मोर्चा ने घोषित की नई प्रदेश कार्यकारिणी

**चन्दौसी।** इन्साफ मोर्चा उत्तर प्रदेश की नई प्रान्तीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश महामंत्री अजय कुमार राजवर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि कन्नौज में आयोजित रणनीतिक बैठक के निर्णयों को अमल में लाते हुए संगठन की निष्क्रिय कार्यकारिणी को सक्रिय कर उसका विस्तार किया गया है। नई टीम में अनुभवी पदाधिकारियों के साथ-साथ युवा समाजसेवियों को भी स्थान दिया गया है। इन्साफ मोर्चा के संस्थापक एवं प्रान्तीय अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने कहा कि संगठन वंचित, शोषित, पीडिघ्त और उपेक्षित वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेगा। मोर्चा मान-सम्मान, रोजगार, आर्थिक उन्नति, सामा. जिक समानता तथा राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर संघर्ष करेगा। नई कार्यकारिणी में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के वरिष्ठ समाजसेवियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मानिक लाल नागर को प्रान्तीय अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं विजय लक्ष्मी, डॉ. सलीम राजा, कृष्ण मुरारी कठेरिया, वेद प्रकाश बाल्मीकि, रमेश पाराशर, राजेंद्र सहदेव तथा रमेश चंद वाल्मीकि को प्रान्तीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजय कुमार राजवर, अशोक बाल्मीकि, सीताराम शंखधर, धीरज चिन्डारिया, अखिलेश आनंद तथा हरपाल सैनी को प्रान्तीय महामंत्री बनाया गया है। राजकुमार समदर्शी और विजय वीर को प्रान्तीय संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा फिरोज खान, घनश्याम बाल्मीकि, शाहिद खान, राजेन्द्र गिहार, राजू भारतीय, कमल सिंह, हरिओम वर्मा, भगवान दास विद्यार्थी तथा मुकेश चौधरी को प्रान्तीय मंत्री नामित किया गया है। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी प्रदेश में सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।



## बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर में पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच रविवार को हिंसक झड़प हो गयी। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। घटना में सात लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।



जानकारी के अनुसार गांव निवासी इरशाद व उस्मान पक्ष का परिवार के ही दिलशाद से जमीन के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। रविवार को जमीन के हिस्से को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में एक पक्ष से मेराज पुत्र इरशाद, बिलकिस पत्नी उस्मान, निजाम पुत्र उस्मान, अरमाना पत्नी इरशाद तथा शबाना पुत्री उस्मान घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से अरवाज पुत्र नासिर हुसैन और दिलशाद पुत्र जाहिद को चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।

वहीं सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुरानी रंजिश में कार से कुचलने का प्रयास, आरोपी इनोवा छोड़कर फरार

**चन्दौसी।** कार की टक्कर से घायल हुए दिलीप राघव के परिजनों ने घटना को पुरानी रंजिश का परिणाम बताते हुए आरोपियों पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद हमलावर अपनी इनोवा कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घायल के पिता हाकिम सिंह के अनुसार, उनके पुत्र की हत्या करने के उद्देश्य से यह हमला किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में देव माली के पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके मामले में उनका बेटा दिलीप राघव आरोपी है और मुकदमा वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही है। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते देव माली और उसके साथियों ने 28 मई को घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। घटना के दौरान अचानक एक ई-रिक्शा आ जाने से अन्य लोग भी घायल हो गए और बड़ा हादसा टल गया। बताया गया कि घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार टक्कर मारने के बाद तेजी से भागती दिखाई दे रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सैनिक सम्मेलन आयोजित कैडेट्स को सैन्य जीवन के गुर सिखाए

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद द्वारा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज एवं ग्रीन मीडोज पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कैंप कमांडेंट कर्नल रघु पठानिया ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए एनसीसी प्रशिक्षण के महत्व और सैन्य जीवन की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।कर्नल रघु पठानिया ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को सैन्य जीवन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित हो सके। उन्होंने बताया कि एक सैनिक का जीवन त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक होता है। सैनिक हर परिस्थिति में देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के लिए तत्पर रहता है।सम्मेलन के दौरान कैडेट्स को सैन्य जीवन की दिनचर्या, शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क, नेतृत्व कौशल तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानका. रियां दी गईं। उन्होंने कैडेट्स को जीवन में अनुशासन अपनाने, समय का सदुपयोग करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में कैडेट्स ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सैन्य जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। सम्मेलन के माध्यम से कैडेट्स को भारतीय सेना के कार्यों, जिम्मेदारियों और चुनौतियों की जानकारी मिली, जिससे उनमें राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना का संचार हुआ। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने और देशहित में योगदान देने के लिए प्रेरित करना रहा।

## भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना

**चन्दौसी** तहसील अन्तर्गत थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र में छाबड़ा मंडल के भाजपाइयों ने आज सुबह ग्यारह बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को लाइव देखा व सुना।

छाबड़ा मंडल के गांव रीठ में केपी पाल व हरपाल सिंह,दियौरा खास में जेके शर्मा, बिचौटा काजी में एड. मुनेश यादव, बेरनी में मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, अंकित शर्मा, सोमपाल सिंह, रामवीर सिंह, पैगारफातपुर में अरविंद मिश्रा, छाबड़ा में बिजेंद्र सिंह राघव, आलोक चौहान व पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, मुडिघ्या खेड़ा में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, बंटी गोस्वामी, भगतपुर पहली में बिट्टन सिंह, फैजुल्लापुर में रवि कुमार, रतनपुर में लकी मिश्रा, बलकरनपुर में मुनेन्द्र यादव व उरमान सिंह, कुढफतेहगढ में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौहान व महेंद्र सिंह पाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मोबाइल व टीवी स्क्रीन पर लाइव देखा व सुना।

## 'डिजिटल युग में सत्यता की परख बड़ी चुनौती': विश्व संवाद केंद्र ने मनाई नारद जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व संवाद केंद्र द्वारा बुद्धि विहार स्थित अमर वाटिका में देवऋषि नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'डिजिटल मीडिया के युग में आधुनिक पत्रकारिता' विषय पर पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, उसकी चुनौतियों तथा समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में राष्ट्रदेव मासिक के संपादक एवं प्रान्त प्रचार प्रमुख सुरेन्द्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से समाज में नवसंचार, जागरण और नवस्फूर्ति का संचार होता है। समाज को सही दिशा प्रदान करने, जनजागरूकता पैदा करने, भ्रष्टाचार उजागर करने और सामाजिक कुरीतियों को सामने लाने में पत्रकार महती भूमिका निभाता है। उन्होंने डिजिटल मीडिया के युग में पत्रकारों को सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि पत्रकार के लिए पत्रकारिता एक धर्म की तरह है और निष्पक्षता इसका धर्म है। लेखनी तभी प्रभावी हो सकती है जब आप निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करें। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक ने पत्रकारिता को नया फलक दिया है, लेकिन विश्वसनीयता परखने की चुनौतियां भी




बढ़ी हैं। सोशल मीडिया ने पत्रकार को कहीं ज्यादा जवाबदेह बनाया है। डिजिटल युग में सत्यता की परख बड़ी चुनौती है। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं आईएफटीएम विश्वविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकार का कार्य हर परिस्थिति में साहस के साथ संवाद स्थापित करना है न कि विवाद करना। उन्होंने छात्रों से कहा कि मीडिया का क्षेत्र असीम संभावनाओं से परिपूर्ण है। ग्राफिक्स, एनीमेशन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और नागरिक पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों ने युवाओं के लिए नए अवसर खोले हैं। गोष्ठी का प्रारंभ विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन ने किया। उन्होंने देवऋषि नारद को सृष्टि का प्रथम संवादवाहक बताया और हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड को स्वतंत्रता चेतना का सशक्त माध्यम कहा।कार्यक्रम का संचालन मेजर राजीव ढल ने किया और महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने आभार व्यक्त किया। समापन वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।इस अवसर पर प्रशांत मिश्रा, हरिमोहन गुप्ता, सचिन कुमार, राकेश मिश्रा, रतनलाल एडवोकेट, सुभाष शर्मा, डॉ. मुदित सिंघल, कुलदीप कुमार, डॉ. सत्यवीर सिंह समेत कई वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बिलारी ( मुरादाबाद )।**
**वाद संख्या:** टी202613540 202602 सन्-2026
**तारीख पेशी:** 03.06.2026
**धारा**-116 उ०प्र० राजस्व संहिता 2006,.आराजी ग्राम बरोली रूस्तमपुर तहसील बिलारी।
**रामपाल बनाम मनोज आदि।**

रामपाल पुत्र जसौदी निवासी ग्राम बरोली रुस्तमपुर तहसील डिलारी जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

**प्रतिवादीगण संख्या:**-02.राजवीर पुत्र मंगल मसी निवासी ग्राम बरोली रुस्तमपुर तहसील बिलारी, 4. श्रीमती कुसुम देवी पुत्री रामौतार पत्नी विनोद कुमार निवासी धनारी तहसील गुन्नौर जिला सम्भल। चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **धारा**-116 उ०प्र० राजस्व संहिता 2006 अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 06 के दिवस 03 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 29 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी, बिलारी**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या :** 689/2026
**तारीख पेशी:** 24.07.2026
**मुकेश गोयल आदि बनाम शाहिद हुसैन आदि।**

1. मुकेश गोयल उम्र 54 वर्ष पुत्र श्री कल्लूमल गोयल निवासी एम.आई. जी.बी 147 आशियाना प्रथम मुरादाबाद, 2. विनीत गुप्ता उम्र 43 वर्ष पुत्र श्री ज्ञान चन्द्र गुप्ता निवासी झांझनपुर सरकारी स्कूल के पास काँठ रोड, मुरादाबाद। **वादीगण।**

**बनाम**

1. शाहिद हुसैन पुत्र समीर हुसैन निवासी मऊ मिलक तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. श्रीमति शबनम पत्नी ईशुल अली निवासी सलेम सराय पोस्ट अगवानपुर जिला मुरादाबाद हाल निवासी मौहब्बतपुर भगवन्तपुर निकट बाजार, तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**
3. जाकिर हुसैन उम्र 50 वर्ष पुत्र श्री जनाईल निवासी काजीपुरा शहर व जिला मुरादाबाद।- प्रासंगिंक प्रतिवादी चूंकि उपर्रिनामांकित **वादीगण** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 24 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 29 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# पंडित देशराज शर्मा की पहल पर प्रशासन सख्त

## लाइनपार में चला बुलडोजर, 20 से अधिक अवैध अतिक्रमण ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लाइनपार क्षेत्र में वर्षों से बनी हुई जलभराव और अवैध अतिक्रमण की समस्या को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी पंडित देशराज शर्मा द्वारा उठाई गई मांग पर आखिरकार प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मंडलायुक्त को दिए गए उनके शिकायत पत्र और सुझावों के बाद नगर निगम ने रविवार को लाइनपार क्षेत्र में विशेष अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाते हुए 20 से अधिक स्थायी अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया। पंडित देशराज शर्मा ने मंडलायुक्त को भेजे गए पत्र में हनुमान नगर, विकास नगर, राम तलैया, ढाका की पुलिया तथा आसपास के क्षेत्रों में नालों और नालियों पर किए गए अवैध कब्जों एवं निर्माणों की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। उन्होंने बताया था कि इन अवैध अतिक्रमणों के कारण बरसात के मौसम में जल निकासी पूरी तरह प्रभावित हो जाती है, जिससे हजारों लोगों को जलभराव, गंदगी और संक्रामक बीमारियों जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जनहित से जुड़े इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए मंडलायुक्त ने नगर निगम





अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम की टीम ने पुलिस बल के साथ लाइनपार क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया और नाले-नालियों पर किए गए अवैध निर्माणों को हटाते हुए जल निकासी मार्ग को साफ कराया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से रखे गए सामान को भी जब्त किया गया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बरसात से पहले जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है ताकि नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। नगर निगम अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा अवैध कब्जा किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। प्रशासन ने साफ किया कि शहर में अवैध अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने पंडित देशराज शर्मा द्वारा लगातार उठाए जा रहे जनहित के मुद्दों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों के कारण वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन भविष्य में भी ऐसे अभियानों को जारी रखेगा। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों, समाजसेवियों और स्वयंसेवी संगठनों से शहर के विकास में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि जनसहभागिता और जागरूकता के माध्यम से ही मुरादाबाद को जलभराव मुक्त, स्वच्छ और व्यवस्थित शहर बनाया जा सकता है।

## डीजे बजाने को लेकर हुई मारपीट में अदालत के आदेश से मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना कांठ क्षेत्र के गांव सलेमपुर मोहल्ला फजलबाद निवासी ब्रह्म सिंह पुत्र जसवंत का कहना है की 4 मार्च को दोपहर 3:00 बजे मोहल्ले के महेंद्र अभिषेक लक्ष्मण पुनीत और श्योराज ने डीजे बजाने को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की गाली देने को मना किया तो सभी ने लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया उन लोगों से उसने भागकर अपनी जान बचाई घर पहुंचा तो सभी लोग उसके घर में घुस गए और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। बचाने आई पत्नी के साथ भी उन्होंने अमर्यादित व्यवहार किया पीड़ित ने हमलावरों पर कई गंभीर आरोप लगाएं इस संबंध में थाना पहुंचा तो कोई सुनवाई नहीं हुई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के भी प्रार्थना पत्र दिया लेकिन न्याय न मिलने पर उसने अदालत की शरण ली अदालत के आदेश से पुलिस ने सभी हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# लाइव वीडियो बनाकर युवक ने सिर में गोली मारकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव चकफाजपुर में शनिवार देर रात एक युवक ने पिता की लाइसेंसी



बंदूक से खुद को गोली मारली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद परिवार में को. हराम मच गया। जानकारी के अनुसार मृतक फरअत अली (20) पुत्र सरताज छह भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। बताया गया कि फरअत पंजाब में लिफ्टिंग बैरियल गेट का काम करता था और ईद-उल-अजहा मनाने के लिए चार दिन पहले ही घर लौटा था। घर में आठ दिन बाद बहन की शादी की तैयारियां चल रही थीं जिसके चलते परिवार में खुशी का माहौल था। लेकिन शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे अचानक युवक के गोली लगने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि फरअत ने घर में रखी पिता की लाइसेंसी बंदूक से अपने सिर में गोली मार ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि गोली मारने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं बहन की शादी से पहले घर के सबसे छोटे बेटे की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। वहीं युवक द्वारा खुद को बंदूक से गोली मारने का लाइव वीडियो प्रसारित है। रविवार को उसको सपुर्द खाक कर दिया गया।

# किराना स्टोर में लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर राख

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, फायर ब्रिगेड ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू



**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र के रामूवाला गणेश चौराहे पर स्थित एक किराना स्टोर में रविवार रात अचानक आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान नष्ट हो चुका था। जानकारी के अनुसार रामूवाला गणेश निवासी अमित कुमार की दुकान गांव में ही चौराहे पर अमित किराना स्टोर नाम से परचून की दुकान है। अमित कुमार रोजाना की तरह रात करीब 8.15 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। करीब 9 बजे पड़ोसी हसीन निवासी रामूवाला चौराहा ने उन्हें फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही अमित कुमार मौके पर पहुंचे। इस बीच किसी स्थानीय व्यक्ति ने दमकल विभाग को भी सूचना दे दी थी। फायर ब्रिगेड और दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में आकर दुकान में रखे तीन बड़े रेफ्रिजरेटर, दो बैटरियां, एक इनवर्टर, एक एलईडी टीवी, कोल्ड ड्रिंक एवं पानी की बोतलें, किराना का सामान, फर्नीचर समेत लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना की सूचना पर क्षेत्र के कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्रीतम सिंह, मदनपाल सिंह, मोहम्मद हनीफ, नौशाद, ओमकार सिंह सहित अन्य लोगों ने दुकान से क्षतिग्रस्त सामान बाहर निकालने में सहयोग किया। पीड़ित अमित कुमार ने मामले की कार्रवाई के लिए कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंप दिया है। कोतवाली प्रभारी ने जांच के लिए हल्का उपनिरीक्षक मनीष कुमार को निर्देशित किया है।

# आंधी-बारिश बनी आफत, ई-रिक्शा पर गिरा पेड़, चालक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भीषण गर्मी से राहत लेकर आई रविवार की आंधी और बारिश कई लोगों के लिए मुसीबत बन गई। तेज हवाओं के चलते क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ धराशायी हो गए, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। इसी दौरान ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें एक ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार शाम तेज आंधी और बारिश के दौरान जसपुर मोड़ के निकट सड़क किनारे खड़ा एक विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक भरभराकर सड़क से गुजर रहे एक ई-रिक्शा पर गिर पड़ा। पेड़ गिरते ही ई-रिक्शा पूरी तरह उसकी चपेट में आ गया और चालक नीचे दब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद चालक को पेड़ के नीचे से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चालक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। समाचार लिखे जाने तक घायल चालक की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची थी, लेकिन कुछ लोग घायल को तत्काल उपचार के लिए अपने साथ ले गए। घायल की पहचान और उसके उपचार संबंधी जानकारी जुटाई जा रही है। पूरी जानकारी मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। रविवार को अचानक बदले मौसम ने पूरे क्षेत्र में जनजीवन को प्रभावित किया। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई तथा लोगों को आवागमन में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिली, लेकिन इसके साथ आई आंधी ने कई जगह नुकसान भी पहुंचाया।



जसपुर मोड़ के निकट ई-रिक्शा पर गिरा यूकेलिप्टस का पेड़, हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल।

# चकफाजलपुर में मारपीट व धमकी का मामला, आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम चकफाजलपुर में मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चकफाजलपुर निवासी अमान पुत्र असलम ने थाना कुंदरकी में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने एक राय होकर उसके परिजनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना के दौरान पीड़ित पक्ष को धमकियां भी दी गईं, जिससे परिवार में दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना उपनि. रीक्षक अनूप कुमार को सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है। जांच के दौरान प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके। थाना पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही आरो. पियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर ग्रामीणों में चर्चा का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कुंदरकी पुलिस का जुए पर बड़ा एक्शन, चार जुआरी गिरफ्तार, 26800 रुपये बरामद

**कुंदरकी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुंदरकी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26,800 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 31 मई 2026 को थाना कुंदरकी पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दिलशाद पुत्र इशफाक हसन निवासी ग्राम गंगूपुरा, कफील पुत्र अब्दुल वहीद निवासी कस्बा कुंदरकी, सरफराज पुत्र कमरुद्दीन निवासी कस्बा कुंदरकी तथा अहमद पुत्र राशिद निवासी कस्बा कुंदरकी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते और कुल 26,800 रुपये बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार, कांस्टेबल विनय राठी, कांस्टेबल गौरव कुमार और कांस्टेबल कौशलेंद्र कुमार शामिल रहे। कुंदरकी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# न्याय ना मिलने पर महिला थाने के सामने धरने पर बैठी, पति लगा रहा पत्नी पर उत्पीड़न के आरोप

**कांठ ( शाह टाइम्स )** न्याय ना मिलने पर महिला थाने के सामने बैठ गई और उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाने लगी मामला थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर का है महिला मीनू पत्नी रजनीश का कहना है कि उसके ससुराल वाले उसके साथ आए दिन मारपीट करते हैं और कमरों में ताला लगाकर उसे खुले में छोड़ देते हैं इस बात को लेकर उसकी उनसे मुकदमे बाजी चल रही है पीड़िता ससुराल वालों पर उसकी हत्या करने की आशंका भी जता रही है उसका कहना था कि 10 अप्रैल को उसने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर ससुरालियों के उत्पीड़न से बचाने की गुहार लगाई थी लेकिन इसके बावजूद भी



ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। पीड़िता का कहना था कि 28 मई को उसने उसकी ससुराल के पवनीत अवनीश व राहुल ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता थाने पहुंची सुनवाई न होने पर थाने के सामने ही धरना देकर बैठ गई। समाचार लिखे जाने तक महिला वहीं पर बैठी हुई थी। उधर महिला के पति रजनीश का कहना है की मीनू ने पूरे परिवार का उत्पीड़न कर रखा है और पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है उसने मीनू पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उसका उत्पीड़न ना रुका तो वह कुछ गलत कदम भी उठा सकता है कुल मिलाकर पति-पत्नी के बीच चल रहा विवाद पुलिस के गले की फांस बना हुआ है।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। संभल, चन्दौसी, बहजोई एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए राजघाट, नरौरा, अनूपशहर, तिगरी धाम तथा अन्य गंगा तटों पर पहुंचे



और पवित्र गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का गंगा घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया था। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा मैया की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न किए। राजघाट और नरौरा गंगा तटों पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखने को मिली। वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और घाटों पर पूरे दिन श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के साथ मंदिरों में दर्शन-पूजन भी किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की ओर से आवश्यक प्रबंध किए गए थे। प्रमुख घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिए निगरानी रखी गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व है।

इसी मान्यता के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा तटों पर पहुंचे और श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास पर लगातार हादसे एक माह में दस से अधिक दुर्घटनाएं

**चन्दौसी।** ग्राम फतेहपुर समसोई स्थित गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं होने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले एक माह में इस स्थान पर 10 से अधिक सड़क हादसे हो चुके हैं। शुक्रवार को भी यहां एक और दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब एक बजे अर्टिगा और वैगनआर कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में वाहनों को नुकसान पहुंचा। हालांकि दुर्घटना में किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास के पास सर्विस रोड पर वाहनों की रफ्तार अधिक होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उनका मानना है कि यदि यहां स्पीड ब्रेकर बना दिए जाएं तो हादसों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से अंडरपास के आसपास आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने तथा स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# मूसलाधार बारिश ने खोली नगर पालिका की पोल, शहर बना तालाब

## सरकारी दफ्तरों से लेकर घर-दुकानों तक घुसा पानी, पालिका का वाहन भी जलभराव में हुआ बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रविवार दोपहर बाद आई तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाई, वहीं ठाकुरद्वारा नगर की बदहाल जल निकासी व्यवस्था की एक बार फिर कलई खोलकर रख दी। कुछ ही देर की बारिश ने पूरे नगर को तालाब में तब्दील कर दिया। मुख्य बाजारों, मोहल्लों, सरकारी कार्यालयों, आवा. सों और दुकानों में पानी घुस गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि नगर की सफाई और जल निकासी व्यवस्था का दावा करने वाली नगर पालिका का अपना वाहन ही जलभराव में बंद हो गया। कर्मचारियों को वाहन को धक्का लगाकर निकालना पड़ा, जिसका दृश्य नगर पालिका की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता नजर आया। बारिश के दौरान नगर के पीपल टोला स्थित पंचशील मंदिर परिसर और आसपास के रास्तों में पानी भर गया। मोहल्ला छहरैया, बुध बाजार, शगुन तिराहा, कमालपुरी चौराहा, एसडीएम कोर्ट रोड, बड़ा बाजार, मछली बाजार, दर्जियान मोहल्ला, कैलेंडर वाली गली तथा रतूपुरा मोड़ से नांगलिया मार्ग तक कई स्थानों पर सड़कें जलमग्न हो गईं। नगलिया रोड स्थित कोचिंग सेंटरों, मकानों और कई प्रतिष्ठानों में पानी घुस गया। कई दुकानदारों का सामान भीग गया, जिससे आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। मुंसिफ कोर्ट रोड पर जलभराव के कारण कई बाइक और कारें बीच रास्ते में बंद हो गईं। वाहन चालकों को पानी में धक्का लगाकर वाहन निकालने पड़े। बारिश का पानी केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकारी कार्यालय भी इससे अछूते नहीं रहे। आपूर्ति विभाग, क्षेत्राधिकारी (सीओ) कार्यालय तथा कई सरकारी आवासों में पानी घुस गया। सरकारी भवनों में जलभराव की तस्वीरों ने नगर प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति बनती है। लेकिन नगर पालि. का स्थायी समाधान निकालने के बजाय केवल कागजी सफाई अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती है। नालियों की नियमित सफाई न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में थोड़ी सी बारिश भी नगरवासियों के लिए आफत बन जाती है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते नालों और नालियों की सफाई कराई जाती तो यह स्थिति पैदा नहीं होती। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से जल निक. ासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

बारिश के बाद मौसम जरूर सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

लेकिन नगर की सड़कों पर भरे पानी ने यह सवाल जरूर छोड़ दिया कि आखिर हर साल बरसात से पहले होने वाले सफाई अभियानों का लाभ जनता को क्यों नहीं मिल पाता।



ठाकुरद्वारा। मुंसिफ कोर्ट रोड पर जलभराव के बीच बंद पड़ी बाइक।

# सात्विक-चिराग ने खत्म किया खिताबी सूखा

■ पहली बार सिंगापुर ओपन के बने विजेता, फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को हराया




**सिंगापुर, वार्ता।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त करते हुए पहली बार सिंगा. पुर ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को हराया। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी ने इस तरह दो साल में अपना पहला और विश्व टूर का कुल नौवां खिताब अपने नाम किया है।

सात्विक-चिराग ने एक घंटा 13 मिनट तक चले फाइनल मुक. ाबले में इंडोनेशियाई जोड़ी को 18-21, 21-17, 21-16 से हराकर अपना तीसरा सुपर 750 खिताब जीता था। विश्व की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताब बेहद खास है, क्योंकि वे पहले भारतीय हैं, जिन्होंने सिंगापुर ओपन में युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने इससे पहले 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद से ये भारतीय जोड़ी चार बार फाइनल में पहुंची,

लेकिन विजेता बनने से चूकती रही। हालांकि, आखिरकार सिंगापुर ओपन में जाकर इस जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त किया। फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ खेले गए तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ उनकी पिछली हार जनवरी में मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी। कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद भारतीय जोड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और लंबी रैलियों में दबदबा बनाते हुए विश्व नंबर तीन इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ मुकाबले का रुख पलट दिया। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए शानदार सप्ताह का

समापन भी रही। उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के मौजूदा विश्व चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त किम वोन-हो तथा सियो सेउंग-जे की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। जीत का निर्णायक अंक हासिल होते ही सात्विक और चिराग जश्न मनाने के लिए कोर्ट पर लेट गए। इसके बाद सात्विक ने बच्चों जैसी खुशी का प्रदर्शन किया, जबकि उत्साहित चिराग ने जोरदार दहाड़ लगाई और अपने साथी पर कूद पड़े। बाद में दोनों खिलाड़ियों ने कोर्ट पर नृत्य किया और पोडियम के शीर्ष पायदान पर लंबे समय बाद वापसी का भरपूर आनंद लिया।

# पुष्पांजिल बनर्जी सीओई अंडर-19 एलीट मैचों के मुख्य कोच नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने झारखंड सीनियर महिला क्रिकेट टीम की मुख्य कोच पुपांजलि बनर्जी को 1 से 10 जून तक बेंगलुरु में होने वाले इंटर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) अंडर-19 एलीट मैचों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है।

इस नियुक्ति को झारखंड में क्रिकेट कोचिंग और खिलाड़ियों के विकास में बनर्जी के योगदान की एक महत्वपूर्ण पहचान के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ सालों में, बनर्जी ने राज्य में महिला क्रिकेट के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है और युवा प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाई है, इनमें से कई खिलाड़ियों ने आगे चलकर प्रतियोगिता के उच्च स्तरों पर झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होने वाले इंटर सीओई अंडर-19 एलीट मैच, पूरे देश से होनहार युवा क्रिकेटरों को एक साथ लाते हैं,

और इन्हें राष्ट्रीय खिलाड़ी विकास प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के अधिकारियों ने इस नियुक्ति का स्वागत किया और इसे झारखंड क्रिकेट के लिए गर्व का विाय बताया। जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि यह नियुक्ति बनर्जी के समर्पण और कोचिंग क्षमता को दर्शाती है, और उन्होंने विश्वास जताया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावी ढंग से अपना योगदान जारी रखेंगी।

### खेल विशेष

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में सैंटनर को किया शामिल

**लंदन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टेस्ट टीम में मिचेल सैंटनर को शामिल किया है। सैंटनर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते समय लगी कंधे की चोट से उबर चुके हैं। सैंटनर शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे और गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। 34 साल के सैंटनर को पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट और बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। स्कैन में पता चला था कि उन्हें ग्रेड थ्री एसीएल कंधे की चोट लगी है, जिसके लिए उन्हें एक महीने के रिहैब की जरूरत होगी। न्यूजीलैंड ने कहा था कि ओवल और ट्रेंट ब्रिज में होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल होने के मकसद से उन पर नजर रखी जाएगी।

## थाईलैंड, मलेशिया व चीन एशियाई खेलों की महिला प्रतियोगिता के लिए किया क्वालिफाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** थाईलैंड, मलेशिया और चीन की महिला क्रिकेट टीमों ने सितम्बर-अक्टूबर में जापान के आइची प्रीफेक्चर और नागोया में होने वाले इस वर्ा सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया। थाईलैंड और मलेशिया की टीमों ने 2026 एशियाई खेल में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट का फाइनल हुआ था, चीन इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा था। क्वालालंपुर में 26 मई से 31 मई के बीच खेले गए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में, थाईलैंड ने मलेशिया और हांगकांग को हराकर ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद मलेशिया ने हांगकांग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां ग्रुप बी में शीर्ा पर रहे नेपाल और दूसरे स्थान पर रहे चीन भी इन दोनों टीमों के साथ शामिल हो गए।

## महिला अंडर एशिया कप में भारत ने कोरिया को 3.1 से हराया

**काकामिगहारा (जापान), वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को महिला अंडर18 एशिया कप 2026 के अपने दूसरे पूल ए मैच में कोरिया पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज की। भारत की अंडर-18 टीम के लिए नौशीन नाज, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने एक-एक गोल किए। भारत ने मलेशिया पर पहले दिन मिली जीत के बाद टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय को बनाए रखा। भारत ने शानदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में ही एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया। नौशीन ने चौथे मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया।

# आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम खत्म होना चाहिए: तेंदुलकर



मुम्बई, वार्ता। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुल. कर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म कर दिया जाना चाहिए। अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले आईपीएल 2026 फाइनल से एक रात पहले 21वीं सदी के महानतम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों के लिए आयोजित ईएसपीएन क्रिकइंफो पुरस्कार समारोह में तेंदुलकर ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय में कुछ चीजें हैं, जिनके बारे में मैं कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि इंपैक्ट प्लेयर नियम को हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि टी-20 प्रारुप में आपको केवल 20 ओवर ही खेलने होते हैं और फिर आप बल्लेबाजी लाइन-अप में एक अतिरिक्त बल्लेबाज जोड़ देते हैं।

जब गेंदबाज पहले से ही बेहद चुनौती झेल रहे हैं, तो मुझे यह असंतुलन लगता है। 2023 में शुरू किया गया इंपैक्ट प्लेयर नियम टीमों को यह अनुमति देता है कि वे अपनी एकादश में शामिल किसी एक खिलाड़ी को बाहर करके टॉस से पहले तय किए गए पांच खिलाड़ियों की सूची में से किसी एक को मैच के दौरान शामिल कर सकें। इस नियम की मुख्य आलोचना यह रही है कि इससे बल्लेबाज अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं और पिछले दो-तीन सीजन में रन गति और टीम स्कोर में बढ़ोतरी इसी का असर मानी जाती है। 21वीं सदी के महानतम बल्लेबाज चुने गए तेंदुलकर ने कहा कि छह ओवर के पावरप्ले में, जहां फील्डिग प्रतिबंध होते हैं, सिर्फ दो फील्डर ही 30 गज के घेरे के बाहर रह सकते हैं। पहले चार ओवर बल्लेबाजों का पावरप्ले हों, जिसमें यही नियम लागू रहे। उसके बाद बचे हुए दो पावरप्ले ओवर फील्डिंग कप्तान अपनी सुविधा के अनुसार मैच के किसी भी समय ले सके। उन लगातार दो ओवरों में भी उसे एक अतिरिक्त फील्डर घेरे के बाहर रखने की अनुमति मिले। इससे फील्डिग करने वाली टीम मैच को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकेगी। उनका आखिरी सुझाव था कि एक गेंदबाज को पांच ओवर फेंकने की अनुमति मिलनी चाहिए क्योंकि आमतौर पर टीम का सबसे अच्छा गेंदबाज ही वह पांचवां ओवर करेगा। क्या आप उस सर्वश्रेठ गेंदबाज को ज्यादा गेंदबाजी करते हुए नहीं देखना चाहेंगे। शीर्ा बल्लेबाज तो कई बार पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी करते हैं। फिर सबसे अच्छा गेंदबाज पांच ओवर क्यों नहीं फेंक सकता।

## सूर्यवंशी बेहद खास हैं, वह जैसे हैं, उन्हें वैसे बने रहने देना चाहिए: सचिन तेंदुलकर

**मुम्बई, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का मानना है कि 15 वर्ाीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी बेहद खास और उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति बने रहने देना चाहिए। मुंबई में क्रिकइन्फो सम्मान में 21वीं सदी के सर्वश्रेठ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज चुने गए तेंदुलकर ने कहा कि हर कोई सूर्यवंशी की बात कर रहा है और मैंने भी उनकी बल्लेबाजी देखी।

वह शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वह वाकई बेहद खास हैं और केवल गेंद को मारने की उनकी क्षमता ही नहीं, बल्कि जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया, वह उनका कलाईयों का इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि मैदान के हर हिस्से में शॉट खेलने के लिए आपकी कलाई मजबूत होनी चाहिए। और वह गेंद को केवल ताकत से नहीं मार रहे हैं। वह बाकी खिलाड़ियों की तुलना में गेंद की लाइन और लेंथ को पहले समझ लेते हैं और आसानी से गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा देते हैं। तेंदुलकर ने कहा कि वह चाहते हैं कि सूर्यवंशी आगे चलकर टेस्ट क्रिकेट भी खेले, लेकिन उन्हें जल्दबाजी में आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि उन पर लगातार दबाव डालने के बजाय उनका हौसला बढ़ाया जाए और उनका समर्थन किया जाए। अगर आप उन्हें बहुत सारी अलग-अलग बातें बता रहे हैं, तब आप उनके रास्ते में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उनसे यही कहूंगा कि 'जैसे हो, वैसे बने रहो। हर चीज पहली बार होती है। टेस्ट क्रिकेट में उम्र और अनुभव के साथ वह सीखेंगे कि अलग-अलग चुनौतियों का सामना कैसे करना है। बात समाधान ढूंढने वाली सोच की है, समस्याएं हमेशा रहेंगी।

# जापान की पुरुष टीम ने अंडर -18 एशिया कप में भारत को 4.2 से हराया

■ भारत के लिए दो गोल आशीष तानी पूर्ति ने (25वें) और कप्तान केतन कुशवाहा ने (32वें) मिनट में किए




**(जापान), वार्ता।** भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम को रविवार को यहां आयोजित अंडर-18 एशिया कप 2026 के पूल ए मुकाबले में मेजबान जापान के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत के लिए दो गोल आशीष तानी पूर्ति ने (25वें) और कप्तान केतन कुशवाहा ने (32वें) मिनट में किए, जबकि जापान के लिए कप्तान योशिओका माहिरो (15वें), फुजिवारा युमा (20वें), यासुई केंगो (34वें) और ताकाहाशी आओने (42वे) मिनट में गोल किए। पहला क्वार्टर काफी कड़ा रहा, जिसमें दोनों टीमें मिडफील्ड में गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ा कर रही थीं। हालांकि, जापान ने 15वें मिनट में गतिरोध तोड़ दिया। मेजबान टीम के लिए कप्तान योशिओका माहिरो ने (15वें) मिनट में गोल दाग दिया। कुछ ही देर बाद दूसरे क्वार्टर में, फुजिवारा युमा (20वें) मिनट में एक जोरदार बैकहैंड शॉट मारकर मेजबान टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पांच मिनट बाद, भारत को दिन का अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे आशीा तानी पूर्ति ने (25वें) मिनट में सटीक शॉट की बदौलत सफलतापूर्वक गोल में बदला गया, जिससे हाफटाइम से पहले भारत ने गोलों का अंतर कम कर लिया। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत जोरदार तरीके से की और 32वें मिनट में ही बराबरी का गोल दाग दिया। मेहमान टीम को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे शुरू में जापानी गोलकीपर ने बचा लिया था। हालांकि, जापान गेंद को समय पर क्लियर करने में नाकाम रहा, और कप्तान केतन कुशवाहा (32') ने गोल के सामने पड़ी ढीली गेंद पर झपड्डा मारा और उसे गोल. कीपर के ऊपर से चिप करते हुए खेल को बराबरी पर ला दिया। जापान को 34वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे एक बार फिर एक नई रणनीति के जरिए गोल में बदल दिया गया। इस बार, वतानाबे अत्सुहिरो ने यासुई केंगो (34) को एक जोरदार पास दिया, जिन्होंने गेंद को नेट में डाल दिया। तीसरे क्वार्टर में तीन मिनट बाकी रहते, जापान ने ताकाहाशी आओने (42) के एक फील्ड गोल की मदद से अपनी बढ़त और बढ़ा ली। भारत ने आखिरी क्वार्टर में मैच में वापसी करने की कोशिश में कई हमले किए।

# जेपीएल नीलामी में रॉबिन सबसे महंगे 15.25 लाख रुपये में बिके



**जमशेदपुर, वार्ता।** विकेटकीपर- बल्लेबाज रॉबिन मिज पहली झारखंड प्रीमियर लीग (जेपीएल) की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्हें कोयलंचल सुपर किंग्स ने 15-25 लाख रुपये की सफल बोली लगाकर खरीदा। लीग के पहले संस्करण से पहले जमशेदपुर में आयोजित इस नीलामी में राज्य के कई प्रमुख क्रिकेटरों के लिए फेंचाइजी के बीच कड़ी बोली देखने को मिली। रॉबिन मिज, जिनकी बेस प्राइस 4 लाख रुपये थी,

प्रतिस्पर्धी बोली के बाद उनकी कीमत में तेजी से उछाल आया। गुमला के इस क्रिकेटर, जो पहले मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े रहे हैं, ने नीलामी सूची में शीर्ा स्थान हासिल किया। विराट सिंह दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें छोटानागपुर रॉयल्स ने 13 लाख रुपये में खरीदा, जबकि एम-डी- कैफ को जमशेदपुर स्टीलर्स ने 12.50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा और शिखर मोहन को 11.11 लाख रुपये मिले, जबकि पंकज कुमार को 10. 75 लाख रुपये में खरीदा गया। राजदीप सिंह को 9 लाख रुपये की बोली मिली, जिसके बाद साहिल राज को 8.75 लाख रुपये में खरीदा गया। मोहम्मद नाजिम सिद्दीकी और बाल कृण को 7.25.7.25 लाख रुपये में खरीदा गया। शुरुआती उम्मीदों के विपरीत, विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को अंततः छोटानागपुर रॉयल्स ने उनकी बेस प्राइस 4 लाख रुपये में ही खरीद लिया। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस लीग में छह फेंचाइजी हिस्सा लेंगी। रांची टाइटन्स, जमशेदपुर स्टीलर्स, छोटानागपुर रॉयल्स, कोयलंचल सुपर किंग्स, धनबाद डायमंड्स और संथाल स्ट्राइकर्स। जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि इस लीग का उद्देश्य पूरे झारखंड से उभरती हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को एक पेशेवर मंच प्रदान करना और खिलाड़ियों को खेल के उच्च स्तर तक पहुंचने में मदद करना है। झारखंड प्रीमियर लीग का पहला संस्करण 10 जून को जेएससीए अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा।

# महिला अंडर एशिया कप में भारत ने कोरिया को 3.1 से हराया



**(जापान), वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को महिला अंडर18 एशिया कप 2026 के अपने दूसरे पूल ए मैच में कोरिया पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज की।

भारत की अंडर-18 टीम के लिए नौशीन नाज, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने एक-एक गोल किए। भारत ने मलेशिया पर पहले दिन मिली जीत के बाद टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय को बनाए रखा। भारत ने शानदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में ही एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया। नौशीन ने चौथे मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 21वें मिनट में, श्रुति ने एक बेहत. रीन मैदानी गोल करके गेंद को नेट में पहुंचाया, जिससे हाफ-टाइम ब्रेक से पहले भारत को 2-0 की आरामदायक बढ़त मिल गई। ब्रेक के बाद कोरिया ने वापसी की को. शिश की और तीसरे क्वार्टर में गोल करके अंतर को कम कर दियाद्ध 41वें मिनट में ग्योंगमिन रयू ने गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि, भारत ने जल्द ही अपनी दो गोल की बढ़त को फिर से हासिल कर लिया। किरण एक्का, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया, ने 43वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदला, जिससे भारत की बढ़त 3-1 हो गई और मैच पूरी तरह से उनके नियंत्रण में आ गया। भारत अंतिम क्वार्टर में भी अनुशासित रहा और कोरिया को गोल करने का कोई और मौका न देकर एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

# पाकिस्तान ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकट से हराया

■ पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक (69) रन बनाए, गाजी गौरी ने (65) रनों की पारी खेली




**रावलपिंडी, वार्ता।** अराफात मिन्हास (पांच विकेट/नाबाद18 रन), बाबर आजम (69) और गाजी गौरी (65) की शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार रात खेले गए पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 45 गेंदें शो रहते पांच विकेट से शिकस्त दी।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 42-3 ओवरों में पांच विकेट पर 202 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक (69) रन बनाए। गाजी गौरी ने (65) रनों की पारी खेली। इसके अलावा साहिबजादा फरहान ने (28) और अराफात मिन्हास ने (नाबाद 18) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने दो विकेट लिए। मैथ्यू कुनमन, तनवीर संघा और मार्सन लाबुशेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के गें. दबाजों ने 44-1 ओवर में 200 रन के स्कोर पर समेट दिया। सातवें ओवर में अबरार अहमद ने एलेक्स कैरी (19) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। इसके बाद 14वें ओवर में अराफात मिन्हास ने कप्तान जॉश इंग्लिस (13) और मार्नस लाबुश. ेन (शून्य) का शिकार कर ऑस्ट्रेलिया को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में मिन्हास ने कैमरन ग्रीन (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की परेशानी को और बढ़ा दिया।

ऐसे संकट के समय मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों के बीच 55 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में मिन्हास ने मैथ्यू शॉट (55) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऑलिवर पिक (सात) रन बनाकर आउट हुए।

# जनपद में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा और बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा



**मुरादाबाद।** जनपद में रविवार को सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा और बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। दोनों परीक्षाओं में कुल 15,458 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। प्रशासन और पुलिस की सतर्कता के चलते परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित रही।सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा जिले के 26 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें 11,271 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 9 केंद्रों पर आयोजित हुई, जिसमें 4,187 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की जांच के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी तथा प्रवेश केवल निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही दिया गया। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई। इसके अलावा पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रों पर सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और परीक्षा संच. ालन संतोषजनक रहा। कई परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित बताते हुए कहा कि इसमें विषय से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल थे और परीक्षा का अनुभव बेहतर रहा।जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने बताया कि सभी केंद्रों पर निर्धारित मानकों का पालन कराया गया और किसी भी केंद्र से कोई अप्रिय घटना या शिकायत प्राप्त नहीं हुई। प्रशासन ने परीक्षा आयोजन में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार पारदर्शी एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# कोतवाली पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के गांधी पार्क चौराहे पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, जिसमें भारी वाहनों के प्रेशर होरन और मॉडिफाई बुलेट आदि को गंभीरता से चेक किया और प्रेशर होरन एवं मॉडिफाई साइलेंसर वाली बाईको के चालान काटे।

रविवार को शाम के समय कोतवाली प्रभारी उदयपुर प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ नगर के प्रमुख स्थानों पर फ्लैग मार्च किया।

इस मौके पर उन्होंने कई संद. ेश लोगों को चेक किया उनकी तलाशी ली गई। इस दौरान मुख्य रूप से कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार, उप निरीक्षक सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### शिव पार्वती रसोई में वितरित हुई पीली खिचड़ी व शीतल जल, तीन साल से जारी है सेवा



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** सेवा को सच्ची साधना मानते हुए शिव पार्वती रसोई द्वारा आज जरूरतमंदों को पीली खिचड़ी एवं शीतल जल का भोग वितरित किया गया। संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को यह सेवा कार्य निरंतर किया जाता है और पिछले तीन वर्षों से समा. जसेवा की यह पावन परंपरा चल रही है। संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट ने कहा कि अन्नदान केवल भूख मिटाने का कार्य नहीं है, बल्कि मानवता, करुणा और सेवा के संस्कारों को जीवित रखने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

जब अन्न का एक कौर किसी जरूरतमंद तक पहुँचता है, तब मानवता का सबसे सुंदर स्वरूप दिखाई देता है। आज की रसोई में संस्था के सदस्य प्रत्युष यादव, नीरज गुप्ता, आशुतोष त्यागी, अर्जुन सिंह, अंकुर यादव, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, विनय कश्यप, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे और सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। संस्था का उद्देश्य भूखे को भोजन उपलब्ध कराना और समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना है। गर्मी के मौसम में शीतल जल वितरण से राहगीरों व जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिल रही है।

### छतरपुर वाले गुरुजी के समाधि दिवस पर विशाल लंगर सेवा का आयोजन



**मुरादाबाद।** जय जय गुरुजी, शुकराना गुरुजीष के उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। छतरपुर वाले गुरुजी के समाधि दिवस पर वाईपी परिवार, मुरादाबाद की गुरुजी की संगत ने पीली कोठी पर विशाल लंगर प्रसाद वितरण सेवा का आयोजन किया।संगत के सदस्य आज पीली कोठी पर एकत्रित हुए। विधिवत रूप से गुरुजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। भोग लगाने के पश्चात गुरुजी के मंत्रों का उच्चारण और आरती की गई। इसके बाद लंगर प्रसाद वितरण प्रारम्भ हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने प्रण लिया कि वे गुरुजी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलेंगे और उनके उपदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। समाधि दिवस पर सभी ने गुरुजी को याद कर उनका आशीर्वाद मांगा। नौतपा की भीषण गर्मी के बावजूद सभी भक्तों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी ग्रुप सदस्यों ने इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी को अत्यंत आनंद की अनुभूति हुई। अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने सभी से आह्वान करते हुए प्रण लिया कि ष्सेवा परमो धर्मष के अंतर्गत ऐसे धार्मिक कार्य और प्रसाद वितरण में वे सदैव अग्रसर रहेंगे। इस अवसर पर पूजा गोयल, स्वाति गुप्ता, दिव्या, दीपा, निशा, श्रद्धा, ऋतु, संजना, सोनिया, गीतिका, भावना गुप्ता, रजनी मित्तल, रुचि गुप्ता, जूही, गीता, सोनिया पंवार, नेहा, चांदनी, अना. मिका, श्वेता, कविता, पूनम आदि संगत सदस्य उपस्थित रहे।

### बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में सुरक्षा ऑडिट की तैयारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )**स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में सुरक्षा आडिट व जोखिम मूल्यांकन प्राप्त कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों सहित कुल 1,40,555 विद्यालयों के सुरक्षित होने को लेकर आकलन किया जाएगा।बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए निविदा प्रक्रिया के तहत चयनित संस्था के साथ अनुबंध किया गया। अधिकारियों के अनुसार सेवा प्रदाता संस्था द्वारा विद्यालयों का वैज्ञानिक व तकनीकी मानकों के आधार पर कितने सुरक्षित हैं मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारी, स्वच्छता सुविधा, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था आदि पहलुओं की जांच की जाएगी। सुरक्षा संबंधी संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके समाधान के लिए सुझाव भी तैयार किए जाएंगे।

### महिला की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न में दर्जन भर लोगों के खिलाफ एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महिला की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से छजलेट पुलिस ने दर्जन भर लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव बगिया सागर निवासी तिलकराम की पुत्री गुड्डी का विवाह मीरपुर थाना डिडौली जनपद अमरोहा में सचिन पुत्र शेर सिंह के साथ 2022 में हुआ था जिसमें उन्होंने हैसियत के हिसाब से काफी दहेज दिया महिला के पास एक पुत्र प्रियांशु 3 साल और एक आठ माह की पुत्री भी है महिला का आरोप है कि विवाह के कुछ समय तक तो ठीक रहा लेकिन उसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने 2 लाख और पीतल के 51 बर्तन की मांग करनी शुरू कर दी पिता ने मजबूरी जताई तो उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करना आम बात हो गई। 30 अप्रैल को उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की और इसकी सूचना उसके मायके भिजवा दी मायके वाले घटना की जानकारी लेने लड़की के ससुराल पहुंचे तो वहां इकट्ठे 10 -15 लोगों ने लाठी डंडा और सरियों से उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें वहां से भगा दिया। तभी से पीड़िता अपने मायके में रहकर गुजर कर रही है उसका कहना है कि डिडौली थाना में उसने प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई फिर पीड़ित एसएसपी के पास पहुंची और अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए गुहार लगाई एसएसपी के आदेश से पुलिस ने पति सचिन ससुर शेर सिंह बबलू पिंकी प्रशांत शांति मीनाक्षी पप्पू सुन्नता नरेंद्र अनुज और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### आंधी बारिश में जगह-जगह पेड़ गिरे

**चन्दौसी।** शनिवार को शाम छ: बजे तेज आंधी के साथ आई वर्षा से एकदम अंधेरा छा गया और मौसम सुहावना हो गया। कुढ़फतेहगढ़ गांव में शनिवार की शाम साप्ताहिक सब्जी बाजार में आंधी बारिश आने से एकदम भगदड़ जैसा माहौल हो गया। दुकानदार और ग्राहक बरसात से आंधी बारिश से बचने के लिए इधर उधर छिपते नजर आए तथा आंधी बारिश में बिचौटा चौराहे से रीठ को जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे खड़े सरकारी पेड़ टूटकर रोड़ पर गिर गये। जिससे राह चलते राहगीर बाल बाल बचे। वहीं बड़े वाहन चालकों को रोड़ पर पेड़ गिरने से असुविधा हुई। बड़े वाहन चालकों व ग्रामीणों ने पेड़ों को रोड़ से हटाया तब जाकर वाहन निकले। शनिवार शाम छ: बजे अचानक धूल भरी तेज आंधी के साथ बारिश आने से जगह जगह पेड़ टूट गये तथा विधुत आपूर्ति भी बाधित हुई है।

# सोनकपुर के पास बड़ा सड़क हादसा, 25 से अधिक लोग घायल, चार गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील क्षेत्र के गांव सोनपुर के निकट रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें लगभग 30 से 35 लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार ग्राम ग्वालखेड़ा के निवासी गुमसानी से एक जनाजे में शामिल होकर वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सोनपुर के पास सड़क पर आगे चल रहे एक ट्रक के अचानक रुक जाने से पीछे आ रहा आयशर वाहन उससे टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन में सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे में घायल हुए लोगों को तत्काल साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी लाया गया, जहां लगभग 14 घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जबकि अन्य घायल बिलारी नगर एवं आसपास के निजी अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचे। चिकित्सकों ने चार गंभीर घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें मुरादाबाद के हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में बबन (65), सना (17), शकीला (50), शरीफन (75), शकीला (65), मुनव्वर (65), भूरी (65), समीर (42), अली शेर (40), रुखसाना (38) तथा वहीदन (75) सहित अन्य लोग शामिल हैं। इनमें बबन, शकीला (50), शरीफन (75) और शकीला (65) को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। फिलहाल किसी तरह के अनहोनी की सूचना नहीं है। पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं तथा घायलों का उपचार जारी है। हादसे के संबंध में आगे की जानकारी जुटाई जा रही है।



# सपाईयों ने आबिहफीज पुर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आबी हफीजपुर में महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक कमाल अख्तर ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की महानतम शासकों में से एक थीं, जिन्होंने न्याय, सेवा, जनकल्याण, सामाजिक समरसता और धार्मिक सौहार्द की मिसाल कायम की, उन्होंने अपने शासनकाल में गरीबों, किसानों, महिलाओं एवं जरूरतमंदों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा देशभर में अनेक धर्मशालाओं, घाटों, कुओं एवं जनहित से जुड़े निर्माण कार्य कर समाज को नई दिशा प्रदान की, उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों एवं पदचिन्हों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।



कार्यकर्ताओं से उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए जुट जाने का आह्वान किया। इस मौके पर मुकेश यादव , धनश्याम पाल, मेघराज पाल , अतर सिंह पाल, बिहारी पाल, श्यामलाल पाल, नरेश पाल (पूर्व प्रधान), रामोतार पाल , भारत सिंह पाल, सुभाष पाल, शोराज पाल, हरपाल सिंह पाल, मेघराज सिंह पाल, नरेंद्र पाल , राजपाल कश्यप, विपिन शर्मा, महिपाल चौहान , खानचंद सिंह पाल, सेवाराम पाल , भरत सिंह पाल , रेवा राम पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**ठाकुरद्वारा।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर रविवार को सेंट मार्क्स स्कूल, तिकोनिया में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के धनगर (पाल) समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकमाता को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म वर्ष 1725 में महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ था। कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करने के बावजूद उन्होंने समाज सेवा, धर्म और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने कहा कि धनगर समाज सहित सभी लोगों को लोकमाता के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपने जीवन में उतारना चाहिए। साथ ही पाल समाज को एकजुट होकर सामाजिक विकास और उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने वर्ष 1780 में वाराणसी के मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर और रामेश्वरम सहित अनेक धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने आश्वासन दिया कि ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के किसी एक गांव का नाम लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने तथा उनकी प्रतिमा स्थापित कराने का प्रयास किया जाएगा। गोष्ठी को अपर्णा औद्योगिक केंद्र के डायरेक्टर अनिरुद्ध चौहान ने भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताए मार्गो पर चलने का आहवान किया।

शोभायात्रा के दौरान कई बार बारिश ने व्यवधान डाला, लेकिन इसके बावजूद पाल समाज के लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार पाल, बंचल कुमार पाल, डॉ. दीनबंधु पाल, पंकज कुमार पाल, प्रदीप कुमार पाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार सिंगल, देवेंद्र सिंह पाल, भाजपा नेता ओमपाल सैनी, सत्यपाल सिंह, जितेंद्र सिंह चौहान, अनुज कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 31 मई से बजरंग दल का 7 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, 27 जिलों के 165 कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बजरंग दल का 7 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 31 मई से 5 जून 2026 तक कृष्ण बाल विद्या मंदिर मंगूपुरा मुरादाबाद के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस वर्ग में 27 जिलों के चयनित 165 कार्यकर्ता भाग लेंगे।आयोजकों ने बताया कि जेठ की गर्मी में यह प्रशिक्षण वर्ग बिना किसी विशेष सुख-सुविधा के संपन्न किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं का शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त निर्माण करना बताया गया है। इसमें अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।आयोजकों के अनुसार प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में आतंकवाद और विभिन्न प्रकार के जिहाद के विरोध तथा भारतीय संस्कृति से जुड़े विमर्श पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को तैयार करना मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर क्षेत्र संयोजक बजरंग दल अनुज बलिया, प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर, प्रांत संयोजक निमेश वशिष्ठ, केंद्रीय सदस्य डॉ. राजकमल गुप्ता, वर्ग पालक विपिन गुप्ता, बृजेश कुमार, डॉ. गौरव कश्यप, नवदीप अग्रवाल, अनिल कठेरिया, विकास गुप्ता, विकी प्रजापति, पंकज नारंग, गौरव दुबे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान युवाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 5 जून को होगा।






# अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग पर लगेगा अंकुशः डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने दौरान मुरादाबाद में अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग अथवा अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों तथा परिवहन मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में उत्तर प्रदेश शासन एवं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग तथा पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बिना नंबर प्लेट, अस्पष्ट (ैउनकहमक) नंबर प्लेट, क्षतिग्रस्त नंबर प्लेट अथवा बॉडी एक्सटेंशन वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। पुलिस एवं परिवहन विभाग संयुक्त रूप से नियमित जांच अभियान संचालित करेंगे तथा ऐसे वाहनों को चिन्हित कर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बैठक में यह भी निर्देश दिए कि खनिज स्रोत स्थलों एवं लोडिंग प्वाइंट्स पर निर्धारित लोडिंग मानकों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाए। वाहन अधिनियम एवं खनन नियमों के अनुरूप ही खनिज परिवहन की अनुमति दी जाए। यदि किसी वाहन में ओवरलोडिंग अथवा अवैध परिवहन पाया जाता है तो वाहन के साथ-साथ संबंधित स्रोत स्थल, लोडिंग प्वाइंट अथवा संचालक के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन, अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग में बार-बार संलिप्त पाए जाने वाले वाहन स्वामियों एवं परिवहनकर्ताओं का पृथक अभिलेख तैयार किया जाए। ऐसी पुनरावृत्ति करने वाले व्यक्तियों (त्मचमंज वींमिदकमते) को चिन्हित कर उनके विरुद्ध संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत कठोर विधिक कार्रवाई की जाए। आवश्यकता पड़ने पर उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत उन्हें ब्लैकलिस्ट किए जाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। माह मई में प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर राजस्व जमा कराया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी खनन पट्टों एवं परमिट क्षेत्रों में स्रोत स्तर पर ही ओवरलोडिंग रोकने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाए तथा निर्धारित भार सीमा का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। संयुक्त प्रवर्तन दलों की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, परिवहन, वन एवं खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा गठित टास्क फोर्स को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त निरीक्षण, आकस्मिक जांच एवं सतत निगरानी के माध्यम से अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। बैठक में पर्यावरणीय एवं खनन संबंधी शर्तों के अनुपालन की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पर्यावरणीय स्वीकृतियों, खनन योजनाओं तथा पट्टा एवं परमिट की शर्तों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी दशा में नदी की जलधारा में खनन न होने पाए तथा प्रतिबंधित मशीनों के उपयोग अथवा अन्य किसी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। लंबित वादों एवं परिवादों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन मामलों में परिवाद दर्ज हैं, उनका शीघ्र निस्तारण कराया जाए तथा नियमित समीक्षा कर प्रगति का अनुश्रवण किया जाए। बैठक में जनपद की सीमाओं पर निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का निर्णय भी लिया गया। प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निगरानी चौकियों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

इन चौकियों पर कैमरा, डिस्प्ले स्क्रीन तथा सौर ऊर्जा आधारित विद्युत व्यवस्था स्थापित करने की कार्रवाई जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि (क्डथ) के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी, जिससे खनिज परिवहन एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। अवैध रूप से संचालित अथवा जब्त किए गए वाहनों के सुरक्षित संरक्षण हेतु प्रत्येक तहसील में न्यूनतम दो सुरक्षित स्थलों का चयन किए जाने के निर्देश दिए। चयनित स्थलों पर आवश्यकतानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से घेराबंदी कराई जाएगी, जिससे जब्त वाहनों को सुरक्षित रखा जा सके। बैठक में उच्च सुरक्षा नंबर प्लेट के सत्यापन पर भी विशेष बल दिया गया। निर्देश दिए गए कि सभी वाणिज्यिक एवं खनिज परिवहन में प्रयुक्त वाहनों पर दोनों ओर स्पष्ट एवं मानकानुसार नंबर प्लेट स्थापित होनी चाहिए। मानकों के विपरीत पाए जाने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग से संबंधित विषयों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मंडल के वन क्षेत्रों में खैर, साल, सागौन एवं शीशम जैसी बहुमूल्य लकड़ियों के अवैध कटान, अवैध खनन एवं शिकार की घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। वन विभाग को सीमावर्ती एवं संवेदनशील चौकियों पर पर्याप्त कार्मिक तैनात कर नियमित जांच एवं निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग, पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन तथा राजस्व क्षति से संबंधित मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ सतत प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की नियमित सूचना उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, संयुक्त मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती संगीता गौतम सहित संभागीय परिवहन अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, खान अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बंगाल में फिर हिंसा

देश महंगाई की चपेट में है, रोजाना प्रयोग होने वाली चीजें महंगी हो गई है, दूसरी ओर देश का एक राज्य पश्चिमी बंगाल बदले की भावना की आग में जल रहा है। आखिरे देश किस ओर जा रहा है और हमारे मंत्री से लेकर संतरी तक आंख बंद कर बैठे हुए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से लगातार सियासी बवाल जारी है। शनिवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के बाद अब पार्टी के एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला किया गया है। इसके बाद तनाव और भी बढ़ गया है। हुगली में प्रदर्शनकारियों ने कल्याण बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चोर-चोर के नारे लगाए। इसके साथ उनके साथ मारपीट भी की गई। वहीं इस पूरे मामले पर टीएमसी सांसद का बयान सामने आया है। उन्होंने अपने ऊपर हुए हमले के पीछे बीजेपी का हाथ बताया है, जबकि बीजेपी का कहना है कि ये सब टीएमसी का ड्रामा है, इसके अलावा कुछ भी नहीं। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जब ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थी, तब बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ था। अब वहां भाजपा के सीएम शुभेंदु की सरकार है। अगर बीजेपी हिंसा में विश्वास नहीं रखती, तो सवाल उठता है कि अब टीएमसी नेताओं पर हमले क्यों हो रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि अगर कुत्ता इंसान को काट ले, तो इंसान कुत्ते को नहीं काटता, केवल अपना इलाज करवाता है। इसलिए यदि भाजपा सरकार को लग रहा है कि टीएमसी के नेता भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, जो सरकार को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सरकार की आड़ में टीएमसी नेताओं पर हमले हो रहे है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी चंडीतला पुलिस स्टेशन के ऑफिसर इंचार्ज से मिलने और ज्ञापन देने के लिए कार से आ रहा थे, तो चंडीतला मार्केट में बहुत ज्यादा ट्रैफिक जाम था। उस समय वे अपने पीएसओ के साथ चंडीतला क्रॉसिंग पर चल रहे थे, जो चंडीतला पुलिस स्टेशन से 50 किलोमीटर दूर है। भगवा कपड़ों में 10-15 भाजपा के गुंडे थे, जिन्होंने अचानक नारे लगाए और दुश्मनी का माहौल बना दिया। इसके साथ ही बंगाल पुलिस चुपचाप तमाशा देखती रही। इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार में पुलिस भी निकम्मी हो गई है। किसी भी राज्य की पुलिस की जिम्मेदारी अपराध रोकने की होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल पुलिस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकी। जब पुलिस ही निरंकुश हो जाएगी, तो अपराध बढ़ेंगे ही। फिर सीएम शुभेंदु कैसे कहेंगे कि उनके राज्य में अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। सरकार बनने के बाद किसी भी सीएम की जिम्मेदारी राज्य में अपराध रोकने की होती है। इसके सामने पार्टी गौण होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, उसे किसी भी स्तर पर ठीक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बदला लेने की भावना हमारे देश की परंपरा नहीं है।

## भाजपा सरकार के दावों की पोल खुली



भाजपा याद रखे कि वो जिस हिंसक राजनीति को दूध पिलाकर पाल-पोस रही है, वो आस्तीन की सांप है, पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में वयोवृद्ध तृणमूल सांसद श्री कल्याण बनर्जी पर जानलेवा हमला बेहद निंदनीय और गंभीर घटना है। लोकसभा स्पीकर संज्ञान लें, इससे पूर्व दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की घटना ने पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार के दावों की पोल खोलते हुए गंभीर सवाल खड़े कर दिया हैं, हमलावरों की पहचान कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

( सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )

# छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं



शहजाद अली

**हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया।**



हाजी सैयद मुहम्मद आबिद हुसैन देवबंदी दारुल उलूम देवबंद के मुख्य संस्थापकों और इसकी आधारशिला रखने वाले प्राथमिक स्तंभ हैं। ऐतिहासिक तथ्यों और तर्कों के आधार पर उन्हें इस वैश्विक इस्लामी संस्थान के संस्थापकों में शीर्ष स्थान प्राप्त है। 30 मई 1866 (15 मुहर्रम 1283 हिजरी) को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद कस्बे की छत्ता मस्जिद में एक अनार के पेड़ के नीचे इस ऐतिहासिक मदरसे की शुरुआत हुई थी। इस महान कार्य में उनके साथ मौलाना फजलुर्रहमान, मौलाना जुल्फिकार अली, हाजी फजलेहक, उलेमा शामिल थे।

हाजी आबिद हुसैन के संस्थापक होने के पक्ष में तर्कसंगत और ऐतिहासिक साक्ष्य निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझे जा सकते हैं-

### संस्थागत आधारशिला और चंदा संग्रह की शुरुआत

ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, देवबंद में एक व्यवस्थित और स्वतंत्र उच्च स्तरीय अरबी मदरसे की स्थापना के व्यावहारिक विचार को धरातल पर उतारने में हाजी आबिद हुसैन की भूमिका सबसे अग्रणी थी। उन्होंने ही सबसे पहले इस संस्थान के लिए सार्वजनिक चंदा इकट्ठा करने का अभियान शुरू किया था। उलेमाओं के इस समूह का नेतृत्व करते हुए उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रभाव से लोगों को इस शैक्षणिक क्रांति से जोड़ा।

### दारुल उलूम के प्रथम मोहतमिम

हाजी आबिद हुसैन न केवल इसके संस्थापक सदस्य थे, बल्कि वे दारुल उलूम देवबंद के सबसे पहले मोहतमिम बनाए गए थे। उन्होंने तीन अलग-अलग कार्यकालों में इस पद को संभाला और संस्थान के प्रशासनिक ढांचे की मजबूत नींव रखी।

प्रथम कार्यकाल - 1866 से 1867 तक
द्वितीय कार्यकाल - 1869 से 1871 तक
तृतीय कार्यकाल - 1890 से 1892 तक

### मदरसे की इमारत के लिए भूमि और वैधानिक दस्तावेज

जब दारुल उलूम को मस्जिद से निकालकर एक स्वतंत्र और भव्य शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, तो हाजी आबिद हुसैन ने इसमें केंद्रीय भूमिका निभाई। संस्थान की नई इमारत के निर्माण के लिए जो जमीन खरीदी गई थी, उसका बिक्री-विलेख (Sale-Deed) हाजी आबिद हुसैन के नाम पर ही हस्ताक्षरित हुआ था। मियांजी मुन्ने शाह के बाद वे दूसरे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने इस नई इमारत की आधारशिला (नींव का पत्थर) रखी थी।

हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया। यहां के उलेमा ने बाद में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की स्थापना की और द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (Two-Nation Theory) का विरोध करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ मिलकर अखंड भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी। वैश्विक और भारतीय इतिहासकारों (जैसे क्रिस्टोफ जाफ्रेलॉट और जियाउद्दीन सरदार) के शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि हाजी आबिद हुसैन ने ही सूफी परंपरा और जन-भागीदारी के मेल से इस मदरसे की शुरुआत की थी, जिसमें बाद में इमाम कासिम नानौतवी मुख्य मार्गदर्शक के रूप में शामिल हुए। तर्कसंगत और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह पूरी तरह अकाट्य है कि हाजी आबिद हुसैन देवबंदी केवल एक सहयोगी नहीं, बल्कि दारुल उलूम देवबंद के मूल संस्थापक, पहले प्रशासनिक प्रमुख और इसके अस्तित्व के जन्मदाता थे। उनके बिना देवबंद आंदोलन और इस महान इदारे के आरंभिक इतिहास की कल्पना असंभव है परन्तु यह भी विडम्बना है कि इस महापुरुष के साथ घोर नाइंसाफी यह है कि इनके नाम पर दारुलउलूम में कोई विभाग, भवन, एकेडमी आदि का नामकरण नहीं हो पाया। 2024 के प्रस्ताव के अनुसार दारुल उलूम ने हाजी आबिद हुसैन देवबंदी को संस्थापक मानते हुए इनके नाम पर एक इमारत के नामकरण को स्वीकार किया गया है। यह कहावत देर आयद दुरुस्त आयद तो कहा जा सकता है मगर अपने ऊपर एक सवाल खड़ा कर रहा है कि हकीकत और इतिहास को स्वीकार करने में इतनी बाधा क्यों आती है।

# युवाओं में प्रचलित हुक्का बन सकता है जान का दुश्मन

**हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पड़ता है लगातार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगों को बार-बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है।**



डा. एम.के. तनेजा

आज के समय में युवाओं के बीच हुक्का पीना एक फैशन बन गया है। बहुत से लोग यह मानते है कि हुक्का सिगरेट की तुलना में कम नुकसानदायक होता है लेकिन यह धारणा गलत है। हुक्का स्वास्थ्य के लिए सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद से कई गुना अधिक हानिकारक हैं। हुक्के में निकोटिन, कार्बन मोनोऑसाइड और कई जहरीले रसायन पाए जाते है जो शरीर के विभिन्न अंगो पर बुरा प्रभाव डालते हैं। विशेष रूप से कान, नाक और गले पर इसके गंभीर दुष्प्रभाव दिखने को मिलते हैं। हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पडता है लगतार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगो को बार बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पडता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है जिससे एलर्जी, साइनस और नाक बंद रहने जैसी समस्याएं हो सकती है। कुछ लोगो को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। धुएं के कारण नाक की सूंघने की क्षमता भी कम हो सकती है। कानों पर भी इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव पडता है। गले और नाक में संक्रमण होने पर उसका असर कानों तक पहुंच सकता है। इससे कान में दर्द, भारीपन या सुनने में परेशानी हो सकती है। बच्चों और युवाओं में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। वृद्धापन होने वाला बहरापन बढ़ जाता है। मधुमेह के रोगी में विशेष हानिकारक होता है। हुक्का पीने से मुंह और दांतो पर भी असर पड़ता है, इससे दांत पीले पड जाते हैं। मसूड़ों में सूजन आ जाती है और मुंह से दुर्गंध आने लगती है। लगातार हुक्का पीने वाले लोगों में मुंह के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। हुक्का केवल कान, नाक और गले को ही नहीं बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है इससे फेफड़ों की क्षमता कम होती है और सांस संबंधी रोग बढ़ते हैं। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और कमजोरी जैसी समस्याएं भी हो सकती है। गर्भवती महिलाओं के लिए हुक्का अत्यंत हानिकारक माना जाता है क्योंकि इसका प्रभाव बच्चे के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। सामान्यतया यह माना जाता है कि धुंआ पानी से छनकर आने के कारण हानिकारक तत्व पानी में रह जाते हैं। ऐसा नहीं है केवल तापमान गिर जाता है। टोक्सिक पदार्थ स्वास्थ्य के साथ फेफड़ों में पहुंचते हैं।



दूसरा महत्वपूर्ण यह है कि हुक्के में शीशा इत्यादि खराब पदार्थ मिले होने के कारण कैंसर का खतरा कई गुणा बढ़ जाता है। सबसे हानिकारक है सिगरेट की अपेक्षा हुक्के में दम कई गुणा ताकत से लगाने के कारण यह फेफड़ों और साईनस के अन्दर गहराई तक जाकर नुकसान पहुंच. ाता है। समाज में यह जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है कि हुक्का किसी भी प्रकार से सुरक्षित नहीं है। युवाओं को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से लोगों को तम्बाकू और हुक्के से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि कोई हुक्का पीने की आदत छोड़ना चाहता है तो उसे परिवार और डाक्टर की सहायता लेनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# टीवी चैनलों की डिबेट में कम जानकारी रखने वाले न बुलाए जाएं





शिबली रामपुरी

मौजूदा समय में टीवी चैनलों पर जिस तरह की डिबेट हो रही है, उसे देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो कुछ चेहरे सिर्फ पैसों के लिए वहां जाते हैं या फिर डिबेट में शामिल होने वाले अधिकांश लोगों के पास इतना ज्ञान नहीं होता कि वे अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकें। नतीजा यह होता है कि उनकी बदनामी होती है या फिर उनका मजाक उड़ाया जाता है।

हम काफी समय से देख रहे हैं कि अधिकांश टीवी चैनलों की डिबेट में वास्तविक चर्चा के बजाय कुछ और ही होता है, जिसका न तो जनता की समस्याओं से कोई संबंध होता है और न ही उसे पत्रकारिता की मर्यादा में रखा जा सकता है। पिछले कई वर्षों से अधिकतर चैनलों पर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों के नाम पर बहस के मंच सजते हैं। इनमें राजनीतिक लोगों से लेकर खुद को आलिम बताने वाले लोग भी शामिल होते हैं। इनमें से कई ऐसे होते हैं जिनकी बातें सुनकर लगता है कि या तो उन्हें सिर्फ पैसे लेकर बुलाया गया है या फिर उनके पास इतना ज्ञान ही नहीं है कि वे मुसलमानों से जुड़े मुद्दों पर मजबूती के साथ अपनी बात रख सकें।

कुछ लोग यह भी कहते हैं कि टीवी चैनलों पर होने वाली ऐसी डिबेट का बहिष्कार कर देना चाहिए, लेकिन आज के मीडिया युग में मीडिया से दूरी बनाकर नहीं रहा जा सकता, क्योंकि इससे मुसलमानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है और वे उठा भी रहे हैं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि मुसलमान आज भी मीडिया से उस स्तर पर नहीं जुड़ पाए हैं, जिस स्तर पर उन्हें जुड़ना चाहिए था। उन्होंने अभी तक मीडिया को अपनी आवश्यकताओं में उस तरह शामिल नहीं किया है, जितनी आज एक मजबूत और प्रभावशाली मीडिया की उन्हें आवश्यकता है। जब तक मुसलमान मीडिया की अहमियत को नहीं समझेंगे, तब तक उनके सामने इसी तरह की समस्याएं आती रहेंगी और टीवी चैनलों की डिबेट में उनके बारे में वैसी ही बातें होती रहेंगी जैसी आज देखने को मिल रही हैं। यदि गंभीरता से विचार किया जाए कि आज मुसलमानों के पक्ष को मजबूती और प्रभावी ढंग से रखने वाले कितने लोग टीवी चैनलों की डिबेट में मौजूद हैं, तो अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। केवल कुछ ही लोग ऐसे दिखाई देते हैं जो मुस्लिम मुद्दों पर होने वाली बहस में अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रख पाते हैं। बाकी लोगों का हाल यह है कि वे अक्सर हंगामा करते हुए नजर आते हैं या फिर जवाब न होने की स्थिति में उनका मजाक तक उड़ाया जाता है।

मीडिया समय की जरूरत है और मुसलमानों की भी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए आवश्यक है कि योग्य मुसलमान आगे आएं। विशेष रूप से प्रतिभाशाली और पढ़े-लिखे युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए तथा उनकी हौसला-अफजाई की जानी चाहिए। मीडिया में ऐसे ही सक्षम मुस्लिम युवाओं को अवसर मिलना चाहिए जिन्हें धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक और समसामयिक मुद्दों की भी अच्छी समझ हो। मीडिया में मुसलमानों की स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब देश का कोई बड़ा आलिम किसी मुद्दे पर अपनी व्यक्तिगत राय देता है, तो कई मीडिया संस्थान उसे 'फतवा' के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं, जबकि फतवे और व्यक्तिगत राय में जमीन-आसमान का अंतर होता है। किसी भी डिबेट में हंगामा या शोर-शराबा करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यह केवल एक गलत तरीका है। बेहतर यही है कि शालीनता, तर्क और प्रभावी शैली के साथ अपनी बात मीडिया में रखी जाए। जो मुस्लिम संगठन मुसलमानों की भलाई के लिए काम करते हैं और जिनके कई कार्य सराहनीय भी हैं, दुर्भाग्य की बात यह है कि मीडिया के क्षेत्र में उनकी ओर से भी ऐसे आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिनसे यह कहा जा सके कि वे समुदाय की सही तस्वीर पेश करने के लिए मीडिया में गंभीर प्रयास कर रहे हैं। आज स्थिति यह हो गई है कि मुसलमानों के बारे में अनेक गलतफहमियां पैदा कर दी गई हैं, जिनका नुकसान कहीं न कहीं उन्हें उठाना पड़ रहा है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि जब टीवी चैनलों की डिबेट में मुस्लिम मुद्दों पर चर्चा होती है, तो वहां मुसलमानों की सही तस्वीर पेश होने के बजाय उनके बारे में गलत धारणाएं अधिक पैदा होती हैं और फिर वे गलतफहमियां दूर-दूर तक फैल जाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# बुढ़ापा रोकने की तकनीक बना रहा रूस

## सुअर के अंदर इंसानी अंग उगाने पर काम जारी, 2.47 लाख करोड़ का एंटी एजिंग प्रोजेक्ट

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बढ़ती उम्र और शरीर की कमजोरी को रोकने के लिए 26 अरब डॉलर यानी करीब 2.47 लाख करोड़ रुपए का बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट शुरू किया है। 'न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलाजीज' नाम के इस प्रोग्राम में मिनी-पिग्स (विशेष प्रजाति के सुअर) के अंदर इंसानी अंग उगाने जैसे तकनीकों पर काम किया जाएगा।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुता. बिक, इस प्रोजेक्ट में जीन थेरेपी, लैब में इंसानी अंग तैयार करना और बेहद कम तापमान वाली क्रायोथेरेपी जैसी तकनीकों पर भी काम होगा। रूसी सरकार का दावा है कि इस मिशन का मकसद उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना और दशक के अंत तक करीब 1.75 लाख लोगों की जान बचाना है। रूस के डिप्टी साइंस मिनिस्टर डेनिस सेकिरीनस्की ने अप्रैल में कहा था कि वैज्ञानिक ऐसी जीन थेरेपी तैयार कर रहे हैं,



■ इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है

जो शरीर की कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सके। उन्होंने इसे एंटी-एजिंग की दिशा में सबसे अहम रिसर्च में से एक बताया। इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है। इसमें 3डी प्रिंटर की मदद से जीवित टिश्यू और अंग तैयार किए जाते हैं। रूसी वैज्ञानिकों का दावा है कि वे इंसानी कार्टिलेज और चूहे की थायरायड ग्लैंड तैयार कर चुके हैं। लक्ष्य है कि 2030 तक इंसानी अंगों का पूरी तरह रिप्लेसमेंट किया जा सके। इसके साथ ही रूस जेनिटिकली माडिफाइड मिनी-पिग्स के अंदर इंसानी लिवर, किडनी और दिल को विकसित करने पर भी काम कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे भविष्य में आर्गन ट्रांसप्लांट की कमी दूर हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन काफी समय से क्रायोथेरेपी और पेप्टाइड थेरेपी लेते रहे हैं। रूस के वैज्ञानिक व्लादिमिर खाविंसन पुतिन को बछड़ों के टिशू से बने खास पेप्टाइड्स देते थे। वे पेप्टाइड थेरेपी के जरिए एंटी-एजिंग इलाज का समर्थन करते थे। उनका दावा था कि इंसान 120 साल तक जी सकता है। ऐसा कहा जाता है कि पुतिन खुद को जवान रखने के लिए क्रायोथेरेपी का इस्तेमाल भी करते हैं। इसमें शरीर को करीब माइनस 112 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में कुछ समय रखा जाता है। आस्ट्रिया के पूर्व चांसलर सेबास्टियन कुर्ज ने बताया था कि 2018 में क्रेमलिन की एक बैठक के दौरान पुतिन ने उन्हें इस थेरेपी के फायदे विस्तार से बताए थे। पुतिन खुद को जवान रखने के लिए-112 डिग्री सेल्सियस ठंडे पानी में रहते है। इसे क्रायोथेरेपी या कोल्ड-थेरेपी कहा जाता है। पिछले साल बीजिंग में एक सैन्य परेड के दौरान पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिन. पिंग की बातचीत खूब चर्चा में रही थी। दरअसल वे इंसानी अंग बदलकर जीवन बढ़ाने और इंसानों के 150 साल तक जीने की संभावना पर बात करते सुनाई दिए थे। यह बातचीत एक हॉट-माइक रिकार्डिंग में दर्ज हो गई थी। उस समय इसे दो उम्रदराज नेताओं की सामान्य बातचीत माना गया, लेकिन अब इसे रूस की लंबी उम्र वाली सरकारी योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। 73 साल के पुतिन लंबे समय से खुद को ताकतवर और फिट नेता के रूप में पेश करते रहे हैं।

# नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने दिया विवादित बयान

■ कहा: भारत ने नेपाल की जमीन पर जैसे अतिक्रमण किया है, वैसे ही कई जगहों पर नेपाल ने भी भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने रविवार को संसद में एक विवादित बयान देते हुए कहा कि जैसे भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, वैसे ही नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया है।

द काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी के सीमा विवाद को कूटनीतिक बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। श्रम संस्कृति पार्टी के सांसद आरेन राय के संसद में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे पता चला कि न केवल भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, बल्कि नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की भूमि पर अतिक्रमण किया है। इस मामले पर दोनों पक्षों को एक साथ बैठकर विचार करने की जरूरत है। इसके अलावा, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा के रास्ते भारत और चीन के बीच होने वाले व्यापार पर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी- लेनिनवादी) की उप-संसदीय दल की नेता पद्मा अर्याल के एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत के जरिए निकाला जाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी

## कहा: अमेरिका ईरान से बहुत अच्छे समझौते के करीब, नहीं बनी बात, तो अपनाएंगे दूसरा रास्ता



■ हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है: ट्रम्प
■ अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है: वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वाशिंगटन को अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप नतीजा नहीं मिला तो वह इसे दूसरे तरीके से खत्म करेगा।

ट्रम्प ने यह टिप्पणी अपनी बहू लारा ट्रम्प को दिए एक साक्षात्कार में की, जिसका प्रसारण शनिवार रात फाक्स न्यूज पर हुआ। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे सौदे के करीब हैं। अगर आप जल्दबाजी करेंगे, तो आपको अच्छा सौदा नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं-और अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से समाप्त करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ईरानी अच्छे वार्ताकार हैं, लेकिन उनका दावा था कि इस समय अमेरिका के पास सभी पत्ते हैं, क्योंकि ईरान सैन्य रूप से परा. जित हो चुका है। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है। वरना हम सीधे युद्ध विभाग को लाएंगे, जैसा कि हम इसके नाम को बुलाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वह ऐसा हथियार खरीद ले तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि अब इसमें लिखा है कि हम न तो सैन्य हथियार विकसित करेंगे और न ही किसी भी तरह से खरीदेंगे। यह एक बड़ा अंतर है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका का ईरान पर महत्वपूर्ण दबाव है, क्योंकि उसकी नौसेना और वायुसेना पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की पूरी सैन्य क्षमता को खत्म नहीं किया, क्योंकि वहां के कुछ नेता अपेक्षाकृत नरम रुख वाले हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अधिक कट्टरपंथी तत्वों और प्रमुख नेतृत्व को निशाना बनाया। शुक्रवार को ट्रम्प ने सिचुएशन रूम में अपने कैबिनेट सहयोगियों और सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की, लेकिन भविष्य की रणनीति को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया। इस बीच, अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प ने उस समझौते में कई संशोधनों की मांग की है, जिस पर अमेरिकी और ईरानी प्रति. निधियों के बीच सहमति बनी थी।

### आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का किया दावा

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसने अमेरिका के एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया है। यह जानकारी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह ड्रोन कथित तौर पर ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में दाखिल हुआ था। आईआरजीसी ने कहा कि ड्रोन का तुरंत पता लगा लिया गया और उसे वायु रक्षा मिसाइलों से गिरा दिया गया। इससे पहले आईआरजीसी ने कहा था कि अगर अमेरिका युद्धविराम (सीजफायर) का उल्लंघन करता है, तो उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का 'वैध और निश्चित' अधिकार सुरक्षित है। आईआरजीसी ने दावा किया था कि उसकी वायु रक्षा इकाइयों ने अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन को भी मार गिराया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसने एक लड़ाकू विमान पर फायरिंग की, जो कथित तौर पर ईरानी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ने कहा है कि उसने ईरान पर नए 'आत्मरक्षा संबंधी हमले' किए हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

# रूस के ऊर्जा ठिकानों पर यूक्रेन की ड्रोन स्ट्राइक

## परमाणु संयंत्र पर हमले का आरोप किया खारिज रूसी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की

**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात से रविवार तक रूस के ऊर्जा ठिकानों पर नए हमले किए। रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, कीव ने रूस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने क्रेमलिन के कब्जे वाले एक अहम परमाणु संयंत्र पर हमला किया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने रविवार को टेलीग्राम पर बताया कि ड्रोन के मलबे से एक ईंधन भंडारण केंद्र में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गवर्नर रोमन बुसार्गिन के अनुसार, ड्रोन हमलों से दक्षिण-पश्चिमी रूस के सारातोव प्रांत में नागरिक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। स्वतंत्र रूसी समाचार चौनल एस्ट्रा ने बताया कि क्षेत्रीय राजधानी सारातोव में एक तेल रिफाइनरी में



आग लग गई। यूक्रेन ने हाल के महीनों में रूस की तेल और गैस सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। उसका कहना है कि ऊर्जा क्षेत्र से मिलने वाला धन और संसाधन मास्को के चार साल से अधिक समय से जारी आक्रमण को समर्थन देते हैं। इस बीच, कीव ने रूस के उस आरोप को भी खारिज किया कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमला किया। यह संयंत्र यूक्रेन और पूरे यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है। युद्ध के शुरुआती हफ्तों में रूसी सेना ने इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। यह दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र में अग्रिम मोर्चे के करीब स्थित है। यह उन चार क्षेत्रों में से एक है, जिन्हें रूस ने औपचारिक रूप से अपने में शामिल करने का दावा किया था। हालांकि उस पर उसका पूरा सैन्य नियंत्रण नहीं है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस दावे को मान्यता नहीं मिली है।

# दुनिया में अमन की गारंटी बना भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए यहां एक कार्यक्रम में उन शांतिरक्षकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में भारत और आस्ट्रिया के स्थायी मिशन ने यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बलिदान शांति रक्षकों के सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, पर्वतनेनी हरीशने कहा, ये शांतिरक्षक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। इस संबंध में भारत का योगदान अहम है। वह बोले, शांति सैनिकों के अथक प्रयासों से खतरनाक परिस्थितियों में भी दुनिया भर में शांति और स्थिरता बनी रहती है।




# फ्रांस में हिंसक झड़पों के मामले में 400 गिरफ्तार

■ शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**पेरिस।** फ्रांस में फुटबॉल प्रशंसकों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुस्कास एरिना में खेले गए चैंपियंस लीग के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनाल्टी शूटआउट में हरा दिया। इसके बाद शनिवार को देर रात जश्न के दौरान जश्न के दौरान हिंसा भड़क गई।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी पेरिस में बस, ट्रेन और रेल सेवाओं को बाधित करने वाली अशांति को रोकने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। आतिशबाजी और फ्लेयर्स जलाए गए। इस झड़प में कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए। शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। गौरतलब है कि जहां पीएसजी ने लगातार दूसरी खिताब जीती थी, वहीं यह लगातार दूसरा साल भी था, जब फुटबॉल की वजह से हिंसा भड़की। इससे पहले 2025 में फ्रांसीसी टीम की जीत के बाद हुए जश्न ने हिंसक रूप ले लिया था। सोशल मीडिया में प्रसारित तस्वीरों में पेरिस में सड़कों पर इलेक्ट्रिक बाइक जलती हुई और जश्न मनाने वालों को कम से कम एक दुकान के शीशे तोड़ते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि इस अशांति के दौरान छह वाहन, दो दुकानें और एक बस स्टॉप क्षतिग्रस्त हो गए। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि रविवार तड़के 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें पेरिस के 280 लोग शामिल हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108